इसे वेबसाईट www.govtpressmp.nic.in से भी डाउन लोड किया जा सकता है.

मध्यप्रदेश राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 16] भोपाल, शुक्रवार, दिनांक 20 अप्रैल 2012—चैत्र 31, शक 1934

विषय-सूची

भाग 1.—(1) राज्य शासन के आदेश, (2) विभाग प्रमुखों के आदेश, (3) उच्च न्यायालय के आदेश और अधिसूचनाएं, (4) राज्य शासन के संकल्प, (5) भारत शासन के आदेश और अधिसूचनाएं, (6) निर्वाचन आयोग, भारत की अधिसूचनाएं, (7) लोक-भाषा परिशिष्ट.

भाग 2.—स्थानीय निकाय की अधिसूचनाएं.

भाग 3.—(1) विज्ञापन और विविध सूचनाएं.
(2) सांख्यिकीय सूचनाएं.

भाग 4.—(क) (1) मध्यप्रदेश विधेयक, (2) प्रवर समिति के प्रतिवेदन, (3) संसद् में पुर:स्थापित विधेयक,
(ख) (1) अध्यादेश, (2) मध्यप्रदेश अधिनियम, (3) संसद् के अधिनियम,
(ग) (1) प्रारूप नियम, (2) अंतिम नियम.

भाग १

राज्य शासन के आदेश

सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 2 अप्रैल 2012

क्र. ई-5-739-आयएएस-लीव-एक-5.—(1) श्री हीरालाल त्रिवेदी, आयएएस., प्रमुख राजस्व आयुक्त तथा नियंत्रक, शासन मुद्रण एवं लेखन सामग्री, भोपाल को दिनांक 16 से 20 अप्रैल 2012 तक, पांच दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है तथा इस अवकाश के साथ दिनांक 14, 15 एवं 21, 22 अप्रैल 2012 का सार्वजनिक अवकाश जोड़ने की अनुमति दी जाती है.

(2) श्री हीरालाल त्रिवेदी की अवकाश अवधि में श्री अजीत केसरी, आयएएस., पुनर्वास आयुक्त तथा पदेन सचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, प्रमुख राजस्व आयुक्त तथा नियंत्रक, शासन मुद्रण एवं लेखन सामग्री, भोपाल का प्रभार सौंपा जाता है.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री हीरालाल त्रिवेदी को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न प्रमुख राजस्व आयुक्त, तथा नियंत्रक, शासन मुद्रण एवं लेखन सामग्री, भोपाल के पद पर पुन: पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री हीरालाल त्रिवेदी द्वारा प्रमुख राजस्व आयुक्त तथा नियंत्रक, शासन मुद्रण एवं लेखन सामग्री, भोपाल का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री अजीत केसरी, प्रमुख राजस्व आयुक्त तथा नियंत्रक, शासन मुद्रण एवं लेखन सामग्री, भोपाल के प्रभार से मुक्त होंगे.

नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, मध्यप्रदेश द्वारा शासकीय केन्द्रीय मुद्रणालय, भोपाल से मुद्रित तथा प्रकाशित—2012.

(5) अवकाशकाल में श्री हीरालाल त्रिवेदी को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री हीरालाल त्रिवेदी अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

क्र. ई-1-121-2012-5-एक.—श्री ओ. पी. रावत, भाप्रसे (म. प्र. 1977) उपाध्यक्ष, नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण तथा पदेन अपर मुख्य सचिव, नर्मदा घाटी विकास विभाग की सेवाएं भारत सरकार, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग को भारी उद्योग एवं सार्वजनिक उपक्रम मंत्रालय, सार्वजनिक उपक्रम विभाग में सचिव के पद पर नियुक्ति के लिए सौंपी जाती हैं.

क्र. ई-5-873-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री अभिषेक सिंह, आयएएस., अनुविभागीय अधिकारी, सबलगढ़ जिला-मुरैना को दिनांक 15 से 22 मार्च 2012 तक आठ दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री अभिषेक सिंह को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न अनुविभागीय अधिकारी, सबलगढ़ जिला मुरैना के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है

(3) अवकाशकाल में श्री अभिषेक सिंह को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री अभिषेक सिंह अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

भोपाल, दिनांक 7 अप्रैल 2012

क्र. ई-5-464-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री जयदीप गोविन्द, आयएएस., मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एवं पदेन प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, विधि एवं विधायी कार्य (निर्वाचन) विभाग को दिनांक 28 मई से 8 जून 2012 तक बारह दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है. उक्त अवकाश के साथ दिनांक 27 मई 2012 एवं 9, 10 जून 2012 के सार्वजनिक अवकाश को जोड़ने की अनुमति दी जाती है.

(2) श्री जयदीप गोविन्द की अवकाश अवधि में श्री एस. एस. बंसल, भाप्रसे संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी तथा पदेन अपर सचिव, मध्यप्रदेश शासन, विधि एवं विधायी कार्य (निर्वाचन) विभाग को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ, अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एवं पदेन प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, विधि एवं विधायी कार्य (निर्वाचन) विभाग का प्रभार सौंपा जाता है.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री जयदीप गोविन्द को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एवं पदेन प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, विधि एवं विधायी कार्य (निर्वाचन) विभाग के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री जयदीप गोविन्द द्वारा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एवं पदेन प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, विधि एवं विधायी कार्य (निर्वाचन) विभाग का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री एस. एस. बंसल, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एवं पदेन प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, विधि एवं विधायी कार्य (निर्वाचन) विभाग के प्रभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्री जयदीप गोविन्द को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री जयदीप गोविन्द अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

क्र. ई-5-523-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्रीमती शिखा दुबे, आयएएस., प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग परिषद्, भोपाल को दिनांक 26 से 31 मार्च 2012 तक छः दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है तथा इस अवकाश के साथ दिनांक 23, 24, 25 मार्च 2012 एवं 1 अप्रैल 2012 का सार्वजनिक अवकाश जोड़ने की अनुमति दी जाती है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्रीमती शिखा दुबे को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग परिषद् भोपाल के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्रीमती शिखा दुबे को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्रीमती शिखा दुबे अवकाश पर नहीं जातीं तो अपने पद पर कार्य करती रहतीं.

क्र. ई-1-130-2012-5-एक.—डॉ. शैलेन्द्र श्रीवास्तव, भापुसे, संचालक, खेल एवं युवा कल्याण मध्यप्रदेश के दिनांक 9 अप्रैल 2012 से 10 मई 2012 तक प्रशिक्षण/अवकाश पर रहने की अवधि में, श्री के. सी. गुप्ता, भाप्रसे (1992) आयुक्त-सह-संचालक, नगर एवं ग्राम निवेश मध्यप्रदेश को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ संचालक, खेल एवं युवा कल्याण मध्यप्रदेश का प्रभार अतिरिक्त रूप से सौंपा जाता है.

भोपाल, दिनांक 9 अप्रैल 2012

क्र. ई-1-102-2012-5-एक.—श्री आलोक श्रीवास्तव, भाप्रसे, (1984) प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की भारत सरकार में प्रतिनियुक्ति के फलस्वरूप उनके पद का अतिरिक्त प्रभार डॉ. देवराज विरदी, भाप्रसे (1982) प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, वन विभाग को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ सौंपा जाता है.

क्र. ई-1-102-2012-5-एक.—श्री आलोक श्रीवास्तव, प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की सेवायें भारत सरकार, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग को नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्रालय में संयुक्त सचिव के पद पर नियुक्ति के लिए सौंपी जाती हैं.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अवनि वैश्य, मुख्य सचिव.

भोपाल, दिनांक 5 अप्रैल 2012

क्र. एफ-ए-5-16-2011-एक (1).—राज्य शासन द्वारा माननीय न्यायाधिपति महोदय श्री एस. एन. अग्रवाल, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय ग्वालियर, खण्डपीठ ग्वालियर को निम्नांकित विवरण अनुसार अवकाश स्वीकृत किया जाता है:—

अ. क्र. (1)	अवकाश अवधि (2)	कुल दिन (3)	अवकाश का प्रकार (4)	अभियुक्ति (5)
1	13-2-2012 से 17-2-2012 तक.	5 दिन	कम्प्युटेड अवकाश पूर्ण वेतन तथा भत्तों सहित अवकाश.	अवकाश के पूर्व में दिनांक 11 एवं 12-2-2012 तथा अवकाश के पश्चात् दिनांक 18 से 20-2-2012 तक के सार्वजनिक अवकाश का लाभ उठाने की अनुमति सहित.
2	12-3-2012 से 30-3-2012 तक.	19 दिन	पूर्ण वेतन तथा भत्तों सहित अवकाश.	अवकाश के पूर्व में दिनांक 8-3-2012 से 11-3-2012 एवं अवकाश के पश्चात् में दिनांक 31-3-2012 से 1-4-2012 तक के सार्वजनिक अवकाश का लाभ उठाने की अनुमति सहित.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अजय शर्मा, उपसचिव.

भोपाल, दिनांक 2 अप्रैल 2012

क्र. ई-5-765-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्रीमती कारलिन खोंगवार देशमुख, आयएएस., तत्का. कलेक्टर, जिला बुरहानपुर को निम्नानुसार अवकाश कार्योत्तर स्वीकृत किया जाता है:—

1. दिनांक 12 से 15 अप्रैल 2010 तक चार दिन का अर्जित अवकाश.
2. दिनांक 16 से 28 अप्रैल 2010 तक तेरह दिन लघुकृत अवकाश.

(2) अवकाशकाल में श्रीमती कारलिन खोंगवार देशमुख को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

क्र. ई-5-766-आयएएस-लीव-5-एक.—श्री शोभित जैन, आयएएस., अपर मिशन संचालक, राज्य शिक्षा केन्द्र, भोपाल को दिनांक 26 दिसम्बर 2011 से 3 जनवरी 2012 तक नौ दिन अर्जित अवकाश कार्योत्तर स्वीकृत किया जाता है.

(2) अवकाशकाल में श्री शोभित जैन को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(3) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री शोभित जैन अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
व्ही. एस. तोमर, अवर सचिव ''कार्मिक''

भोपाल, दिनांक 7 अप्रैल 2012

क्र. बी-1-39-2012-2-एक.—सुश्री नीतू सिंह, राप्रसे उपायुक्त, भू-अभिलेख, ग्वालियर ने आवेदन पत्र दिनांक 27 अगस्त 2011 द्वारा विवाहोपरांत उप नाम श्रीमती नीतू माथुर करने का अनुरोध किया है.

(2) राज्य शासन, एतद्द्वारा सुश्री नीतू सिंह, राप्रसे के अनुरोध को स्वीकार करते हुए उनका नाम सुश्री नीतू सिंह के स्थान पर श्रीमती नीतू माथुर करने की स्वीकृति प्रदान की जाती है.

(3) उपरोक्तानुसार उप नाम परिवर्तन करने की प्रविष्टि श्रीमती नीतू माथुर के सेवा अभिलेखों में की जाये.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
उषा परमार, अवर सचिव ''कार्मिक''.

सामान्य प्रशासन विभाग
(सूचना का अधिकार प्रकोष्ठ)
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 10 अप्रैल 2012

एफ. 11-36-06-सूअप्र-1-9.—राज्य शासन एतद्द्वारा माननीय श्री पदमपाणि तिवारी, मुख्य सूचना आयुक्त (से.नि.) मध्यप्रदेश राज्य सूचना आयोग, भोपाल को 300 दिवस अर्जित अवकाश नगदीकरण की स्वीकृति प्रदान करता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
राजेश कौल, उपसचिव.

वित्त विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 28 मार्च 2012

क्र. 935-638-12-ई-चार.—राज्य शासन एतद्द्वारा, मध्यप्रदेश स्थानीय निधि संपरीक्षा अधिनियम, 1973 तथा समय-समय पर किये गये संशोधन के अन्तर्गत जनपद पंचायतों के अंकेक्षण प्रतिवेदनों की लंबित अंकेक्षण आपत्तियों तथा आपत्तियों पर की गई कार्यवाही की समीक्षा करने, अधिनियम की धारा-10 की उपधारा (3) एवं (4) के अनुसार आगामी कार्यवाही करने के बारे में निर्णय लेने, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत द्वारा दिये गये स्पष्टीकरण के प्रकाश में आक्षेपों का प्रत्याहरण करने तथा जनपद पंचायतों द्वारा संपरीक्षा हेतु लेखे प्रस्तुत नहीं करने पर इनके विरुद्ध आगामी कार्यवाही प्रस्तावित करने के लिए कलेक्टर की अध्यक्षता में निम्नानुसार समिति का गठन करता है:—

कलेक्टर	—	अध्यक्ष
मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत	—	सदस्य
उप संचालक (पंचायत ऑडिट) क्षेत्रीय कार्यालय स्थानीय निधि संपरीक्षा, म. प्र.	—	सदस्य सचिव

समिति की बैठक अधिकतम तीन मास के अन्तराल में आयोजित की जाएगी.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
एस. एन. मिश्रा, सचिव.

राजस्व विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 5 अप्रैल 2012

क्र. एफ. 1-5-1992-सात-9 (नजूल).—नगर भूमि (अधिकतम सीमा और विनियमन) अधिनियम, 1976 क्रमांक 33 सन् 1976 की धारा 2 के खण्ड (डी) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन नीचे दी गई सूची के कालम (2) में वर्णित अधिकारी को उक्त सूची से कालम (3) की प्रविष्टियों में विनिर्दिष्ट नगर बस्ती समूह के लिये नगर भूमि सीमा (अधिकतम सीमा और विनियमन) निरसन अधिनियम, 1999 की धारा 3 व 4 के अधीन सक्षम प्राधिकारी के कृत्यों का पालन करने हेतु प्राधिकृत करता है:—

अनु. क्र.	अधिकारी का नाम	नगर बस्ती समूह
(1)	(2)	(3)
1	श्री नारायण पाटीदार, अपर कलेक्टर.	इन्दौर

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
एस. के. रजक, अवर सचिव.

गृह (सामान्य) विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 5 अप्रैल 2012

क्र. एफ-03-78-2011-दो ए(3).—इस विभाग के समसंख्यक अधिसूचना दिनांक 7 दिसम्बर 2011 एवं अधिसूचना क्रमांक एफ-03-89-2011-दो ए(3), दिनांक 30 दिसम्बर 2011 को निरस्त करते हुए राज्य शासन द्वारा सहायक कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर, तहसीलदार, अधीक्षक भू-अभिलेख, नायब तहसीलदार, सहायक अधीक्षक, भू-अभिलेख एवं राजस्व निरीक्षकों के लिये विभागीय परीक्षा जो दिनांक 26-7-2011 को प्रश्नपत्र प्रथम प्रशासनिक, राजस्व विधि तथा प्रक्रिया—भाग "बी" एवं "सी" (बिना पुस्तकों के) एवं प्रश्नपत्र द्वितीय (पुस्तकों सहित) विषय में सम्पन्न हुई थी, में सम्मिलित निम्न परीक्षार्थियों को उत्तीर्ण घोषित किया जाता है :—

अनु.	परीक्षार्थी का नाम	पदनाम
(1)	(2)	(3)
	उच्चस्तर	
	इन्दौर संभाग	
1	श्री भगवानदास तमखानियां	राजस्व निरीक्षक

(1)	(2)	(3)
	जबलपुर संभाग	
2	श्री प्रेमनारायण सिंह गौड़	राजस्व निरीक्षक
3	श्रीमती सुनीता खण्डायत	डिप्टी कलेक्टर
	भोपाल संभाग	
4	श्री राजेश राठौड़	डिप्टी कलेक्टर
5	श्री ब्रजेश सक्सैना	डिप्टी कलेक्टर
6	सुश्री टीना यादव	डिप्टी कलेक्टर
7	सुश्री तन्वी सुन्द्रियाल	सहायक कलेक्टर
8	श्री अभिजीत अग्रवाल	सहायक कलेक्टर
9	श्री अनुराग चौधरी	सहायक कलेक्टर
10	श्री अनय द्विवेदी	सहायक कलेक्टर
11	श्री गणेश शंकर मिश्रा	सहायक कलेक्टर
12	श्री आशीष सिंह	सहायक कलेक्टर
13	श्री भास्कर लाक्षाकार	सहायक कलेक्टर
14	श्री कर्मवीर शर्मा	सहायक कलेक्टर
15	श्री तरूण राठी	सहायक कलेक्टर
16	कुमारी शिल्पा	सहायक कलेक्टर
17	श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह	सहायक कलेक्टर
18	श्री अंकुर मेश्राम	डिप्टी कलेक्टर
19	श्री विवेक कुमार पाण्डेय	जिला संयोजक (आजाकवि).

निम्नस्तर

	ग्वालियर संभाग	
1	श्रीमती सुनिता देहलवार	राजस्व निरीक्षक
2	श्रीमती मनिषा मिश्र	राजस्व निरीक्षक
3	श्री अशोक कुमार सिंह राजपूत	राजस्व निरीक्षक
4	श्री जगदीश प्रसाद घांगोरियां	राजस्व निरीक्षक
5	श्री शिवसिंह कोरकू	राजस्व निरीक्षक
6	श्री रामनिवास शर्मा	राजस्व निरीक्षक
7	श्री अशोक सिंह तोमर	राजस्व निरीक्षक
8	श्री प्रमोद सिंह तोमर	राजस्व निरीक्षक
9	डॉ. योगेन्द्र बाबू शुक्ल	राजस्व निरीक्षक
10	श्री रामनिवास शर्मा	राजस्व निरीक्षक
	इन्दौर संभाग	
11	श्री रमेश चन्द्र चौहान	राजस्व निरीक्षक
12	श्री मुंशीराम कुमरे	राजस्व निरीक्षक
13	श्री बंसत कुमार बरखानियां	राजस्व निरीक्षक
14	श्री रविन्द्र कुमार डाबर	राजस्व निरीक्षक
15	श्री रजान सस्तियां	राजस्व निरीक्षक
16	श्री उदयवीर सिंह भांवर	राजस्व निरीक्षक
17	श्री देवराम निहरता	राजस्व निरीक्षक
18	श्री मुन्नालाल वास्कले	राजस्व निरीक्षक
19	श्री इगूसिंह गणावा	राजस्व निरीक्षक
20	श्री खूनी कुमार पंडोले	राजस्व निरीक्षक
21	श्री प्रकाश चन्द्र शर्मा	राजस्व निरीक्षक
22	श्री राजेश सरवटे	राजस्व निरीक्षक
23	श्री आर. पी. सिटोके	राजस्व निरीक्षक
24	श्री ओमप्रकाश चतुर्वेदी	राजस्व निरीक्षक
25	श्री कमलेश पाराशर	राजस्व निरीक्षक
26	श्री संतोष पाटील	राजस्व निरीक्षक
27	श्री रामजीवन लभानियां	राजस्व निरीक्षक
28	श्री त्रिलोक चन्द्र नागोत्रा	राजस्व निरीक्षक
29	श्री सुन्दर लाल ठाकुर	राजस्व निरीक्षक
30	श्री दीपक कुमार गीते	राजस्व निरीक्षक
31	श्री रणजीत सिंह बघेल	राजस्व निरीक्षक
32	श्रीमती मीना मण्डलोई	सहा. परियोजना प्रशा.
	जबलपुर संभाग	
33	श्री बी. के. सिंह मार्को	राजस्व निरीक्षक
34	श्री मनीराम आर्मो	राजस्व निरीक्षक
35	श्री भागचन्द्र सनोडियां	राजस्व निरीक्षक
36	श्री दुलारे लाल परते	राजस्व निरीक्षक
37	श्री भरत सिंह राय	राजस्व निरीक्षक
38	श्री अजय श्रीवास्तव	राजस्व निरीक्षक
39	श्री अरविन्द कुमार पाण्डेय	राजस्व निरीक्षक
40	श्री उमेश सिंह कुशवाहा	राजस्व निरीक्षक
41	श्री रमेश प्रसाद साहू	राजस्व निरीक्षक
42	श्री भागसिंह धुर्वे	राजस्व निरीक्षक
	सागर संभाग	
43	श्री मनीराम गौड़	राजस्व निरीक्षक
	शहडोल संभाग	
44	श्री दिनेश कुमार पनिका	राजस्व निरीक्षक
45	श्री कन्हैयालाल तेकाम	राजस्व निरीक्षक
46	श्री मंगलदास चक्रवर्ती	राजस्व निरीक्षक
47	श्री लालमणि प्रजापति	राजस्व निरीक्षक
48	श्री वैशाखू राम प्रजापति	राजस्व निरीक्षक
	भोपाल संभाग	
49	श्री मोती लाल पंथी	राजस्व निरीक्षक
50	श्री एन. एस. सिद्दीकी	कार्यालय अधीक्षक

(1)	(2)	(3)
51	श्री शैलेन्द्र सिंह	डिप्टी कलेक्टर
52	कुमारी रितु चौहान	डिप्टी कलेक्टर
53	श्री श्रृंगार श्रीवास्तव	डिप्टी कलेक्टर
54	सुश्री तृप्ति श्रीवास्तव	डिप्टी कलेक्टर
55	श्री दीपक कुमार वैद्य	डिप्टी कलेक्टर
56	श्री दर्शन लाल नेगी	राजस्व निरीक्षक
57	श्री धनीराम गनपत अहिरवार	राजस्व निरीक्षक

उज्जैन संभाग

58	श्री गोवर्धन लाल राजौरियां	राजस्व निरीक्षक
59	श्रीमती शकुन्तला डामोर	जिला संयोजक (आजाकवि).

भोपाल, दिनांक 7 अप्रैल 2012

क्र. एफ. 03-61-2011-दो ए (3) **शुद्धि पत्र.**—राज्य शासन द्वारा इस विभाग की समसंख्यक अधिसूचना दिनांक 31 अक्टूबर, 2011 के अन्तर्गत दिनांक 29 जुलाई 2011 को प्रश्नपत्र ''पंचायत राज विधि तथा प्रक्रिया'' (पुस्तकों सहित) विषय में सम्पन्न हुई थी जिसमें भोपाल संभाग से सम्मिलित निम्नलिखित सामान्य प्रशासन राजस्व एवं भू-अभिलेख विभाग के अधिकारियों को निम्नस्तर के स्थान पर सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्रमांक एफ 1-15-77-1-ह.आ.से., दिनांक 15 फरवरी 1978 के अनुसार 10 प्रतिशत अंकों की पात्रता होने के कारण पूर्ण विचार उपरांत इन्हें उच्चस्तर से उत्तीर्ण घोषित किया जाता है:—

1. श्री अंकुर मेश्राम, डिप्टी कलेक्टर
2. श्री दीपक कुमार वैद्य, डिप्टी कलेक्टर

क्र. एफ. 03-74-2011-दो ए (3) **शुद्धि पत्र.**—राज्य शासन द्वारा इस विभाग की समसंख्यक अधिसूचना दिनांक 17 नवम्बर, 2011 के अन्तर्गत दिनांक 27 जुलाई 2011 को प्रश्नपत्र ''सिविल विधि तथा प्रक्रिया'' (पुस्तकों सहित केवल अधिनियम) विषय में सम्पन्न हुई थी जिसमें भोपाल संभाग से सम्मिलित निम्नलिखित सामान्य प्रशासन राजस्व एवं भू-अभिलेख विभाग के अधिकारियों को सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्रमांक एफ 1-15-77-1-ह.आ.से., दिनांक 15 फरवरी 1978 के अनुसार 10 प्रतिशत अंकों की पात्रता होने के कारण पूर्ण विचार उपरांत इन्हें उच्चस्तर से उत्तीर्ण घोषित किया जाता है:—

1. श्री अंकुर मेश्राम, डिप्टी कलेक्टर
2. श्री दीपक कुमार वैद्य, डिप्टी कलेक्टर.

क्र. एफ. 03-77-2011-दो ए (3) **शुद्धि पत्र.**—राज्य शासन द्वारा इस विभाग की समसंख्यक अधिसूचना दिनांक 30 नवम्बर, 2011 के अन्तर्गत दिनांक 25 जुलाई 2011 को प्रश्नपत्र ''द्वितीय दाण्डिक विधि तथा प्रक्रिया'' (पुस्तकों सहित) विषय में सम्पन्न हुई थी भोपाल संभाग से सम्मिलित निम्नलिखित सामान्य प्रशासन राजस्व एवं भू-अभिलेख विभाग के अधिकारियों को निम्नस्तर के स्थान पर सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्रमांक एफ 1-15-77-1-ह.आ.से., दिनांक 15 फरवरी 1978 के अनुसार 10 प्रतिशत अंकों की पात्रता होने के कारण पूर्ण विचार उपरांत इन्हें उच्चस्तर से उत्तीर्ण घोषित किया जाता है:—

1. श्री दीपक कुमार वैद्य, डिप्टी कलेक्टर
2. सुश्री टीना यादव, डिप्टी कलेक्टर.

क्र. एफ. 03-85-2011-दो ए (3) **शुद्धि पत्र.**—राज्य शासन द्वारा इस विभाग की समसंख्यक अधिसूचना दिनांक 22 दिसम्बर, 2011 के अन्तर्गत दिनांक 8 अगस्त 2011 को ''प्रश्नपत्र तृतीय प्रशासनिक राजस्व विधि तथा प्रक्रिया'' (पुस्तकों सहित) विषय में सम्पन्न हुई थी जिसमें भोपाल संभाग से सम्मिलित निम्नलिखित सामान्य प्रशासन राजस्व एवं भू-अभिलेख विभाग के अधिकारी को निम्नस्तर के स्थान पर सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्रमांक एफ 1-15-77-1-ह.आ.से., दिनांक 15 फरवरी 1978 के अनुसार 10 प्रतिशत अंकों की पात्रता होने के कारण पूर्ण विचार उपरांत इन्हें उच्चस्तर से उत्तीर्ण घोषित किया जाता है:—

1. श्री दीपक कुमार वैद्य, डिप्टी कलेक्टर.

क्र. एफ-03-88-2011-दो ए(3).—इस विभाग के समसंख्यक अधिसूचना दिनांक 4 जनवरी 2012 एवं अधिसूचना क्रमांक एफ 03-87-2011-दो-ए (3), दिनांक 4 दिसम्बर 2011 को निरस्त करते हुए, राज्य शासन द्वारा सहायक कलेक्टरों, डिप्टी कलेक्टरों, तहसीलदारों, नायब तहसीलदारों तथा भू-अभिलेख विभाग के अधिकारियों के लिये विभागीय परीक्षा, जो दिनांक 28 जुलाई 2011 को प्रश्नपत्र प्रथम—लेखा (बिना पुस्तकों के) एवं लेखा-द्वितीय (पुस्तकों सहित) विषय में सम्पन्न हुई थी, में सम्मिलित निम्न परीक्षार्थियों को उत्तीर्ण घोषित किया जाता है :—

अनु.	परीक्षार्थी का नाम	पदनाम
(1)	(2)	(3)

उच्चस्तर

शहडोल संभाग

1	श्री शिवशंकर मिश्र	राजस्व निरीक्षक
2	श्री कन्हैयालाल तेकाम	राजस्व निरीक्षक

(1)	(2)	(3)
	जबलपुर संभाग	
3	श्री सुन्दरलाल दुबे	राजस्व निरीक्षक
4	श्री गोपी चन्द पवार	राजस्व निरीक्षक
5	श्री रामप्रताप सिंह ठाकुर	राजस्व निरीक्षक
6	श्री रामसेवक कोल	राजस्व निरीक्षक
7	श्री जयसिंह धुर्वे	राजस्व निरीक्षक
8	श्री प्रेमनारायण सिंह गौड़	राजस्व निरीक्षक
9	श्री मनीराम आर्मो	राजस्व निरीक्षक
10	श्री दामोदार प्रसाद दुबे	राजस्व निरीक्षक
11	श्री हेमन्त कुमार अवधियां	राजस्व निरीक्षक
12	श्री प्रसन्न कुमार वर्मा	राजस्व निरीक्षक
13	श्री भरत सिंह राय	राजस्व निरीक्षक
14	श्री चरण सिंह धुर्वे	राजस्व निरीक्षक
15	श्री रतनशाह उइके	राजस्व निरीक्षक
16	श्री संतोष कुमार श्रीवास्तव	राजस्व निरीक्षक
17	श्री भागसिंह धुर्वे	राजस्व निरीक्षक
18	श्री अरविंद कुमार पाण्डेय	राजस्व निरीक्षक
19	श्री चन्द्रभान दीवान	राजस्व निरीक्षक
20	श्री अजय श्रीवास्तव	राजस्व निरीक्षक
21	श्री नारायण प्रसाद कुशराम	राजस्व निरीक्षक
22	श्री सुन्दर लाल धुर्वे	राजस्व निरीक्षक
	इन्दौर संभाग	
23	श्री रमेश चन्द्र चौहान	राजस्व निरीक्षक
24	श्री मंशीराम कुमरे	राजस्व निरीक्षक
25	श्री बंसत कुमार बरखानियां	राजस्व निरीक्षक
26	श्री रजान सस्तियां	राजस्व निरीक्षक
27	श्री चन्द्रपाल पाल	राजस्व निरीक्षक
28	श्री उदयवीर सिंह भांवर	राजस्व निरीक्षक
29	श्री देवराम निहरता	राजस्व निरीक्षक
30	श्री धुलियां पालियां	राजस्व निरीक्षक
31	श्री सुनिल कुमार बागुल	राजस्व निरीक्षक
32	श्री संतोष पाटिल	राजस्व निरीक्षक
33	श्री वरूण कुमार उपाध्याय	राजस्व निरीक्षक
34	श्री भागीरथ चौहान	राजस्व निरीक्षक
35	श्री मनोज कुमार राय	राजस्व निरीक्षक
	ग्वालियर संभाग	
36	श्री दृगपाल सिंह बैस	राजस्व निरीक्षक
37	श्रीमती सुनीता देहलवार	राजस्व निरीक्षक
38	श्रीमती मनीषा मिश्रा	राजस्व निरीक्षक
39	श्रीमती सरिता भदौरियां	राजस्व निरीक्षक
40	श्री अजयशंकर शर्मा	राजस्व निरीक्षक
41	श्री महेन्द्र सिंह यादव	राजस्व निरीक्षक
42	श्री प्रदीप नारायण सिंह सिकरवार	राजस्व निरीक्षक
43	श्री चन्द्रमोहन शर्मा	राजस्व निरीक्षक
44	श्री अशोक सिंह तोमर	राजस्व निरीक्षक
45	श्री प्रमोद सिंह तोमर	राजस्व निरीक्षक
46	श्री राकेश कुमार श्रीवास्तव	राजस्व निरीक्षक
47	श्री संजीव कुमार तिवारी	राजस्व निरीक्षक
48	श्रीमती नीरज मिश्रा	राजस्व निरीक्षक
49	श्री नरेन्द्र कुमार जैन	राजस्व निरीक्षक
50	श्री राकेश कुमार वर्मा	राजस्व निरीक्षक
51	श्री रामप्रसाद बरेलियां	राजस्व निरीक्षक
52	डॉ. योगेन्द्र बाबू शुक्ल	राजस्व निरीक्षक
53	श्री धीरज सिंह परिहार	राजस्व निरीक्षक
54	श्री उत्तम कुमार शर्मा	राजस्व निरीक्षक
	उज्जैन संभाग	
55	श्री दयाराम निगम	राजस्व निरीक्षक
	भोपाल संभाग	
56	श्री मोतीलाल पंथी	राजस्व निरीक्षक
57	श्री शैलेन्द्र सिंह	डिप्टी कलेक्टर
58	कुमारी रितु चौहान	उप जिलाध्यक्ष
59	श्री राजेश राठौड़	डिप्टी कलेक्टर
60	श्री ब्रजेश सक्सैना	डिप्टी कलेक्टर
61	श्री श्रृंगार श्रीवास्तव	डिप्टी कलेक्टर
62	श्री श्यामेन्द्र जायसवाल	डिप्टी कलेक्टर
63	कुमारी टीना यादव	डिप्टी कलेक्टर
64	श्री दीपक कुमार वैद्य	डिप्टी कलेक्टर
65	श्री अभिजीत अग्रवाल	सहायक कलेक्टर
66	श्री अनुराग चौधरी	सहायक कलेक्टर
67	श्री अनय द्विवेदी	सहायक कलेक्टर
68	श्री गणेश शंकर मिश्रा	सहायक कलेक्टर
69	श्री आशीष सिंह	सहायक कलेक्टर
70	श्री भास्कर लाक्षाकार	सहायक कलेक्टर
71	श्री कर्मवीर शर्मा	सहायक कलेक्टर
72	श्री तरूण राठी	सहायक कलेक्टर

(1)	(2)	(3)
73	श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह	सहायक कलेक्टर
74	श्री धनीराम गनपत अहिरवार	राजस्व निरीक्षक
75	श्री अंकुर मेश्राम	डिप्टी कलेक्टर
76	श्री ओमप्रकाश सनोडियां	डिप्टी कलेक्टर
77	श्री दर्शन लाल नेगी	राजस्व निरीक्षक
78	श्री राजू लोखण्डे	राजस्व निरीक्षक
79	श्री भैयालाल भील	राजस्व निरीक्षक
80	श्री एन.एस. सिद्दीकी	कार्यालय अधीक्षक
81	कुमारी तन्वी सुन्द्रियाल	सहायक कलेक्टर
82	श्री राजेश राम	राजस्व निरीक्षक

निम्नस्तर

शहडोल संभाग

1	श्री दिनेश कुमार पनिका	राजस्व निरीक्षक
2	श्री छत्रपाल सिंह मरावी	राजस्व निरीक्षक
3	श्री मंगलदास चक्रवर्ती	राजस्व निरीक्षक
4	श्री श्यामलाल मोंगरे	राजस्व निरीक्षक
5	श्री राजकुमार टांडियां	राजस्व निरीक्षक
6	श्री रामाधार अहिरवार	राजस्व निरीक्षक
7	श्री लालमणि प्रजापति	राजस्व निरीक्षक
8	श्री ललित कुमार धार्वे	राजस्व निरीक्षक
9	श्री बैशाखूराम प्रजापति	राजस्व निरीक्षक

जबलपुर संभाग

1	श्री चैनसिंह मार्को	राजस्व निरीक्षक
2	श्री मंगलसिंह मार्को	सहा. अधी. भू-अभिलेख.
3	श्री राजेश तिवारी	राजस्व निरीक्षक
4	श्री भागचन्द सनोडियां	नायब तहसीलदार
5	श्री जगदीश प्रसाद सिंगौर	राजस्व निरीक्षक
6	श्री राजेन्द्र प्रसाद सेन	राजस्व निरीक्षक
7	श्री राजेश कुमार पटवा	राजस्व निरीक्षक
8	श्री राजेश कुमार दुबे	राजस्व निरीक्षक
9	श्री चन्द्रभान सिंह परस्ते	राजस्व निरीक्षक
10	श्री राजूलाल नामदेव	राजस्व निरीक्षक
11	श्री भगवानदास रैदास	राजस्व निरीक्षक
12	श्री उमेश सिंह कुशवाहा	राजस्व निरीक्षक
13	श्री रमेश प्रसाद साहू	राजस्व निरीक्षक
14	श्री रामराज चौधरी	राजस्व निरीक्षक
15	श्री रधवा कोल	राजस्व निरीक्षक
16	श्री प्रमोद कुमार उपगड़े	राजस्व निरीक्षक
17	श्री बी. के. सिंह मार्को	राजस्व निरीक्षक
18	श्री दुलारे लाल परते	राजस्व निरीक्षक
19	श्री राजेन्द्र प्रसाद झारियां	राजस्व निरीक्षक
20	श्री रमेश कुमार मरावी	राजस्व निरीक्षक
21	श्री राजेन्द्र सिंह तेकाम	राजस्व निरीक्षक
22	श्री अमृत लाल धुर्वे	राजस्व निरीक्षक
23	श्री रविशंकर धुर्वे	राजस्व निरीक्षक

इन्दौर संभाग

24	श्री इगुसिंह गणावा	राजस्व निरीक्षक
25	श्री प्रकाश चंद शर्मा	राजस्व निरीक्षक
26	श्री कन्छेदीलाल जैन	राजस्व निरीक्षक
27	श्री राजेश सरवटे	राजस्व निरीक्षक
28	श्री आर.पी. सिटोके	राजस्व निरीक्षक
29	श्री ओमप्रकाश चतुर्वेदी	राजस्व निरीक्षक
30	श्री कमलेश पाराशर	राजस्व निरीक्षक
31	श्री योगेश मलतारे	राजस्व निरीक्षक
32	श्री रजनीश उपाध्याय	राजस्व निरीक्षक
33	श्री संतोष कुमार कुशवाहा	राजस्व निरीक्षक
34	श्री कैलाश सिसौदिया	राजस्व निरीक्षक
35	श्री रविन्द्र कुमार डाबर	राजस्व निरीक्षक
36	श्री मुन्ना लाल वास्कले	राजस्व निरीक्षक
37	श्री खूनीकुमार पंडोले	राजस्व निरीक्षक
38	श्री रामलाल खेड़ेकर	राजस्व निरीक्षक
39	श्री भगवानदास तमखनिया	राजस्व निरीक्षक

सागर संभाग

40	श्री मनीराम गौड़	राजस्व निरीक्षक

ग्वालियर संभाग

41	श्री शिरोमन सिंह	राजस्व निरीक्षक
42	श्री विनोद कुमार चौरसिया	राजस्व निरीक्षक
43	श्री अनिल कुमार स्वर्णकार	राजस्व निरीक्षक
44	श्री भूदेव सिंह महोबिया	राजस्व निरीक्षक
45	श्री राजेश शर्मा	राजस्व निरीक्षक
46	श्री चन्द्रपाल सिंह तोमर	राजस्व निरीक्षक

(1)	(2)	(3)
47	श्री रामनिवास शर्मा	राजस्व निरीक्षक
48	श्री राजेन्द्र कुमार तिवारी	राजस्व निरीक्षक
49	श्री रहीस खान	राजस्व निरीक्षक
50	श्री जगदीश प्रसाद धांगोरियां	राजस्व निरीक्षक
	उज्जैन संभाग	
51	श्री सुरेश चन्द्र मिश्रा	राजस्व निरीक्षक
52	श्री राजेन्द्र कुमार गुहा	राजस्व निरीक्षक
53	श्री जयदेव शर्मा	सहा. अधि. भू-अभिलेख.
54	श्री गोवर्धन लाल राजौरिया	राजस्व निरीक्षक
55	श्री राकेश कुमार मित्तल	राजस्व निरीक्षक
56	श्री विनोद पटेल	राजस्व निरीक्षक
57	श्री रघुनाथ मचार	राजस्व निरीक्षक
58	श्री मांगीलाल चौहान	राजस्व निरीक्षक
	भोपाल संभाग	
59	श्री राजेश कुमार धाड़से	राजस्व निरीक्षक
60	कु. तृप्ति श्रीवास्तव	डिप्टी कलेक्टर
61	श्री प्रहलाद सिंह मीना	राजस्व निरीक्षक
62	श्री राधेश्याम राठौर	राजस्व निरीक्षक
63	श्री श्यामसिंह तारे	राजस्व निरीक्षक
64	श्री मनोहर कुल्हारे	राजस्व निरीक्षक
65	श्री हरीश चन्द्र तोमर	राजस्व निरीक्षक
66	श्री कृष्ण कुमार बालापुरे	राजस्व निरीक्षक
67	श्री अनिल गव्हाड़े	राजस्व निरीक्षक

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
सुरेन्द्र कुमार उपाध्याय, उपसचिव.

किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 10 अप्रैल 2012

क्र. डी-15-10-2008-चौदह-3.—समर्थन मूल्य पर "गेहूं" की खरीदी का अधिक से अधिक लाभ मध्यप्रदेश के कृषकों को दिये जाने के उद्देश्य से समर्थन मूल्य पर राज्य शासन के द्वारा प्रोत्साहन राशि (बोनस) की घोषणा की गयी है.

मध्यप्रदेश कृषि उपज मण्डी अधिनियम, 1972 (क्रमांक 24 सन् 1973) की धारा 69 की उपधारा (1) एवं (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग करते हुए, एतद्द्वारा, समर्थन मूल्य पर खरीदी के लिये राज्य शासन के द्वारा नियुक्त संस्था अथवा ऐसी संस्था के द्वारा नियुक्त एजेंसी के माध्यम से "गेहूं" की समर्थन मूल्य पर खरीदी करने की स्थिति में राज्य शासन के द्वारा वर्ष 2012 में घोषित प्रोत्साहन राशि (बोनस) पर देय मण्डी फीस से छूट देता है :—

परन्तु मंडी फीस के भुगतान से यह छूट केवल राज्य शासन के द्वारा वर्ष 2012 हेतु घोषित प्रोत्साहन राशि (बोनस) पर मान्य होगी.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
हेमराज सिंह, अवर सचिव.

भोपाल, दिनांक 10 अप्रैल 2012

क्र. डी-15-58-2010-चौदह-3.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में, इस विभाग की समसंख्यक अधिसूचना दिनांक 10 अप्रैल 2012 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
हेमराज सिंह, अवर सचिव.

Bhopal, the 10th April 2012

No. D-15-10-2008-XIV-3.—For maximizing the benefit of procurement of "Wheat" on Support Price to the farmers of Madhya Pradesh, State Government has declared Bonus on the Minimum Support Price.

In exercise of the powers conferred sub-section (1) and (2) of Section 69 of the Madhya Pradesh Krishi Upaj Mandi Adhiniyam, 1972 (No. 24 of 1973), the State Government hereby, exempt the Organisation(s) appointed by the State Government for procurement of "wheat" on minimum support price and or agency(s) appointed by the said Organisation for the purpose, from payment of market fee, payable on the said Bonus declared by the state Government for the year 2012:

Provided that the above exemption from payment of market fee shall only be on the Bonus declared by the State Government for the year 2012.

By order and in the name of the Governor of
Madhya Pradesh,
HEMRAJ SINGH, Under Secy.

विधि और विधायी कार्य विभाग

भोपाल, दिनांक 12 अप्रैल 2012

फा. क्र. 1-5-96-इक्कीस-ब-(एक).—भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (1988 का 49) की धारा 3 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, तथा इस विभाग की अधिसूचना फा. क्रमांक 1-5-96-इक्कीस-ब(एक), दिनांक 07 नवम्बर, 2009, जो मध्यप्रदेश "राजपत्र" भाग-एक, दिनांक 20 नवम्बर, 2009 को प्रकाशित हुई थी, को, आंशिक रूप से, अतिष्ठित करते हुए, राज्य शासन, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के परामर्श से, एतद्द्वारा, श्री संजीव कुमार सरैया, अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, भोपाल को, उक्त अधिनियम की धारा 3 की उपधारा (1) के खण्ड (क) तथा (ख) में विनिर्दिष्ट अपराधों के संबंध में, दिल्ली पुलिस तथा केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो द्वारा दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना अधिनियम, 1946 (1946 का 25) के अधीन अन्वेषण किये गए मामलों के विचारण के लिए, नीचे विनिर्दिष्ट किए गए राजस्व जिलों में समाविष्ट क्षेत्रों के लिए, विशेष न्यायाधीश के रूप में, नियुक्त करता है, जिनका मुख्यालय भोपाल होगा, अर्थात् :—

राजस्व जिले

(1) ग्वालियर, (2) गुना, (3) शिवपुरी, (4) छतरपुर (5) दतिया, (6) अशोकनगर, (7) भिण्ड.

F. No. 1-5-96-XXI-B(1).—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of Section 3 of the Prevention of Corruption Act, 1988 (No. 49 of 1988), and in partial supersession of this Department's Notification F. No. 1-5-96-XXI-B(1) dated 7th November, 2009, which was published in the Madhya Pradesh "Gazette" Part-I, dated 20th November, 2009, the State Government, in consultation with the High Court of Madhya Pradesh, hereby, appoints Shri Sanjeev Kumar Sariya, Additional Sessions Judge, Bhopal as a Special Judge with Head Quarter at Bhopal for the areas comprising of the revenue districts specified below to try the cases in regard to the offences specified in clauses (a) and (b) of sub-section (1) of Section 3 of the said Act investigated under Delhi Special Police Establishment Act, 1946 (No. 25 of 1946), by the Delhi Police and Central Bureau of investigation, namely :—

REVENUE DISTRICTS

(1) Gwalior, (2) Guna, (3) Shivpuri, (4) Chhatarpur, (5) Datia, (6) Ashoknager, (7) Bhind.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
के. डी. खान, प्रमुख सचिव.

वित्त विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 28 मार्च 2012

क्र. 933-638-2012-ई-चार.—मध्यप्रदेश स्थानीय निधि संपरीक्षा अधिनियम, 1973 (क्रमांक 43 सन् 1973) की धारा 3 की उपधारा (4) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार एतद्द्वारा, उक्त अधिनियम की धारा 8, 9 और 10 के अधीन संचालक स्थानीय निधि संपरीक्षा मध्यप्रदेश को प्रदत्त शक्तियां, नीचे दी गई अनुसूची के कॉलम (5) में वर्णित किये गये अनुसार, कॉलम (6) में अधिकथित शर्तों के अध्यधीन रहते हुए उक्त सारणी के कॉलम (3) से प्रत्याहरित करते हुए सारणी के कॉलम (4) में उल्लेखित अधिकारियों को प्रत्यायोजित

करती है, अर्थात् :—

अनुसूची

क्र.	अधिनियम की धारा	वर्तमान में शक्तियाँ धारण करने वाले अधिकारी का पदनाम	उस अधिकारी का पदनाम जिसे शक्तियां प्रत्योजित की जाना है	प्रत्यायोजित शक्तियों की विशिष्टता	अभ्युक्तियां
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
1	धारा 8 एवं धारा 9.	क्षेत्रीय उपसंचालक, स्थानीय निधि संपरीक्षा, म.प्र.	1. संयुक्त संचालक, संचालनालय स्थानीय निधि संपरीक्षा, म.प्र.	ऐसी स्थानीय निकाय (त्रिस्तरीय पंचायतीराज संस्थाओं एवं कृषि उपज मंडी समितियों को छोड़कर) के संपरीक्षा प्रतिवेदन की विषयवस्तु तैयार कराना एवं प्रतिवेदन प्रसारण करना, जिनकी वार्षिक आय अथवा व्यय राशि रु. 50 करोड़ से 100 करोड़ तक है.	संपरीक्षा प्रतिवेदन पर क्षेत्रीय कार्यालय स्थानीय निधि संपरीक्षा स्तर से निम्नानुसार कार्यवाही की जाएगी— 1. **पूर्ण संपरीक्षा प्रतिवेदन**—स्थानीय प्राधिकारी एवं स्थानीय प्राधिकारी के संभागीय स्तर पर नियंत्रण अधिकारी को प्रेषित करना. 2. **संक्षिप्त संपरीक्षा प्रतिवेदन**—संपरीक्षा प्रतिवेदन में निहित गबन, हानि तथा गंभीर वित्तीय अनियमितताओं का संक्षिप्त प्रतिवेदन स्थानीय प्राधिकारी के विभागाध्यक्ष एवं विभागाध्यक्ष, स्थानीय निधि संपरीक्षा को प्रेषित करना.
		क्षेत्रीय उपसंचालक, स्थानीय निधि संपरीक्षा, म.प्र.	2. संयुक्त संचालक, संचालनालय स्थानीय निधि संपरीक्षा, (पंचायत प्रकोष्ठ), म.प्र.	ऐसी जिला पंचायत, जनपद पंचायत एवं कृषि उपज मंडी समितियों के संपरीक्षा प्रतिवेदन की विषयवस्तु तैयार कराना एवं प्रसारण करना, जिनकी वार्षिक आय अथवा व्यय रु. 50 करोड़ से 100 करोड़ तक है.	1. **पूर्ण संपरीक्षा प्रतिवेदन**—स्थानीय प्राधिकारी एवं स्थानीय प्राधिकारी के संभागीय स्तर पर नियंत्रण अधिकारी को प्रेषित करना. 2. **संक्षिप्त संपरीक्षा प्रतिवेदन**—संपरीक्षा प्रतिवेदन में निहित गबन, हानि तथा गंभीर वित्तीय अनियमितताओं का संक्षिप्त प्रतिवेदन स्थानीय प्राधिकारी के विभागाध्यक्ष, महालेखाकार ग्वालियर (केवल पंचायती राज संस्थाओं के लिये) एवं विभागाध्यक्ष, स्थानीय निधि संपरीक्षा को प्रेषित करना.

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
		क्षेत्रीय उपसंचालक, स्थानीय निधि संपरीक्षा, म.प्र.	3. उपसंचालक, क्षेत्रीय कार्यालय स्थानीय निधि संपरीक्षा, म.प्र.	ऐसी स्थानीय निकाय (त्रिस्तरीय पंचायतीराज संस्थाओं एवं कृषि उपज मंडी समितियों को छोड़कर) के संपरीक्षा प्रतिवेदन की विषयवस्तु तैयार कराना एवं प्रसारण करना, जिनकी वार्षिक आय अथवा व्यय राशि रु. 50 करोड़ की सीमा तक है.	1. **पूर्ण संपरीक्षा प्रतिवेदन**—स्थानीय प्राधिकारी एवं स्थानीय प्राधिकारी के संभागीय स्तर पर नियंत्रण अधिकारी को प्रेषित करना. 2. **संक्षिप्त संपरीक्षा प्रतिवेदन**—संपरीक्षा प्रतिवेदन में निहित गबन, हानि तथा गंभीर वित्तीय अनियमितताओं का संक्षिप्त प्रतिवेदन स्थानीय प्राधिकारी के विभागाध्यक्ष एवं विभागाध्यक्ष, स्थानीय निधि संपरीक्षा को प्रेषित करना.
		क्षेत्रीय उपसंचालक, स्थानीय निधि संपरीक्षा, म.प्र.	4. उपसंचालक, (पंचायत ऑडिट) क्षेत्रीय कार्यालय स्थानीय निधि संपरीक्षा, म.प्र.	ऐसी जिला पंचायत, जनपद पंचायत एवं कृषि उपज मंडी समितियों के संपरीक्षा प्रतिवेदन की विषयवस्तु तैयार कराना एवं प्रसारण करना, जिनकी वार्षिक आय अथवा व्यय रु. 50 करोड़ की सीमा तक है.	1. **पूर्ण संपरीक्षा प्रतिवेदन**—स्थानीय प्राधिकारी एवं स्थानीय प्राधिकारी के संभागीय स्तर पर नियंत्रण अधिकारी को जारी करना. 2. **संक्षिप्त संपरीक्षा प्रतिवेदन**—संपरीक्षा प्रतिवेदन में निहित गबन, हानि तथा गंभीर वित्तीय अनियमितताओं का संक्षिप्त प्रतिवेदन स्थानीय प्राधिकारी के विभागाध्यक्ष, महालेखाकार ग्वालियर (केवल पंचायती राज संस्थाओं के लिये) एवं विभागाध्यक्ष, स्थानीय निधि संपरीक्षा को प्रेषित करना.
		क्षेत्रीय उपसंचालक, स्थानीय निधि संपरीक्षा, म.प्र.	5. सहा. संचालक, जिला कार्यालय स्थानीय निधि संपरीक्षा, म.प्र.	ग्राम पंचायत (ग्राम कोष सहित) के संपरीक्षा प्रतिवेदन की विषयवस्तु तैयार करना एवं प्रसारण करना.	**पूर्ण संपरीक्षा प्रतिवेदन**—स्थानीय प्राधिकारी (ग्राम पंचायत), मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत एवं उपसंचालक (पंचायत आडिट) क्षेत्रीय कार्यालय, स्थानीय निधि संपरीक्षा, म.प्र. को प्रेषित करना. **संक्षिप्त संपरीक्षा प्रतिवेदन**—स्थानीय प्राधिकारी के विभागाध्यक्ष महालेखाकार ग्वालियर, म.प्र. एवं विभागाध्यक्ष, स्थानीय निधि संपरीक्षा, म.प्र. को प्रेषित करना.

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
2	धारा 10	क्षेत्रीय उपसंचालक, स्थानीय निधि संपरीक्षा, म.प्र.	1. उपसंचालक, क्षेत्रीय कार्यालय स्थानीय निधि संपरीक्षा, म.प्र.	1. संपरीक्षा आपत्ति (त्रिस्तरीय पंचायतीराज संस्थाओं एवं कृषि उपज मंडी समितियों को छोड़कर) के अनुसार ऐसी रकम की वसूली तथा उसे जमा करने का सत्यापन होने पर. 2. प्रक्रियात्मक तथा सूचनात्मक आपत्तियां होने पर. 3. संपरीक्षा आपत्तियों के निबंधनों तथा शर्तों का अनुपालन करने पर.	संपरीक्षा आपत्तियों का अंतिम निपटारा पूर्ण रूप से समाधान होने के पश्चात् ही किया जायेगा.
		क्षेत्रीय उपसंचालक, स्थानीय निधि संपरीक्षा, म.प्र.	2. उप संचालक, (पंचायत ऑडिट) क्षेत्रीय कार्यालय स्थानीय निधि संपरीक्षा, म. प्र.	1. जिला पंचायत, जनपद पंचायत एवं कृषि उपज मंडी समितियों के लेखों की संपरीक्षा आपत्ति के अनुसार ऐसी रकम की वसूली तथा उसे जमा करने का सत्यापन होने पर. 2. प्रक्रियात्मक तथा सूचनात्मक आपत्तियां होने पर. 3. संपरीक्षा आपत्तियों के निबंधनों तथा शर्तों का अनुपालन करने पर.	संपरीक्षा आपत्तियों का अंतिम निपटारा पूर्ण रूप से समाधान होने के पश्चात् ही किया जायेगा.
		क्षेत्रीय उपसंचालक, स्थानीय निधि संपरीक्षा, म.प्र.	3. सहा. संचालक, जिला कार्यालय स्थानीय निधि संपरीक्षा, म.प्र.	1. समस्त ग्राम पंचायतों (ग्राम कोष सहित) की संपरीक्षा आपत्ति के अनुसार ऐसी रकम की वसूली तथा उसे जमा करने का सत्यापन होने पर. 2. प्रक्रियात्मक तथा सूचनात्मक आपत्तियां होने पर. 3. संपरीक्षा आपत्तियों के निबंधनों तथा शर्तों का अनुपालन करने पर.	संपरीक्षा आपत्तियों का अंतिम निपटारा पूर्ण रूप से समाधान होने के पश्चात् ही किया जायेगा.
3	धारा 10	क्षेत्रीय उपसंचालक, स्थानीय निधि संपरीक्षा, म.प्र.	1. उपसंचालक, क्षेत्रीय कार्यालय स्थानीय निधि संपरीक्षा, म.प्र.	म.प्र. स्थानीय निधि संपरीक्षा अधिनियम, 1973 की धारा 8 और 9 के अनुसार स्थानीय	संपरीक्षा आपत्तियों का प्रत्याहरण और अंतिम निपटारा वित्त विभाग के आदेश क्र. एफ-1(सी)/1/06/ई/चार,

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
				निकायों (त्रिस्तरीय पंचायतीराज संस्थाओं एवं कृषि उपज मंडी समितियों को छोड़कर) के लेखों पर तैयार की गई संपरीक्षा रिपोर्ट में यथा उल्लेखित हानि, गबन एवं गंभीर वित्तीय अनियमितता से संबंधित संपरीक्षा आपत्तियां होने पर.	दिनांक 5-5-2006 द्वारा संभागायुक्त की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा, स्थानीय प्राधिकारी द्वारा दिये गये स्पष्टीकरण के प्रकाश में उपयुक्त परामर्श प्राप्त करने के पश्चात् किया जायेगा.
	क्षेत्रीय उपसंचालक, स्थानीय निधि संपरीक्षा, म.प्र.	2. उपसंचालक, (पंचायत आडिट) क्षेत्रीय कार्यालय स्थानीय निधि संपरीक्षा, म.प्र.		म.प्र. स्थानीय निधि संपरीक्षा अधिनियम, 1973 की धारा 8 और 9 के अनुसार जिला/जनपद पंचायत एवं कृषि उपज मंडी समितियों के लेखों पर तैयार की गई संपरीक्षा रिपोर्ट में यथा उल्लेखित हानि, गबन एवं गंभीर वित्तीय अनियमितता से संबंधित संपरीक्षा आपत्तियां होने पर.	1. जिला पंचायत एवं कृषि उपज मंडी समिति की संपरीक्षा आपत्तियों का प्रत्याहरण और अंतिम निपटारा वित्त विभाग के आदेश क्र. एफ-1(सी)/1/06/ई/चार, दिनांक 5-5-2006 द्वारा संभागायुक्त की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा, स्थानीय प्राधिकारी द्वारा दिये गये स्पष्टीकरण के प्रकाश में उपयुक्त परामर्श प्राप्त करने के पश्चात् किया जायेगा. 2. जनपद पंचायतों की संपरीक्षा आपत्तियों का प्रत्याहरण और अंतिम निपटारा कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा, स्थानीय प्राधिकारी द्वारा दिये गये स्पष्टीकरण के प्रकाश में उपयुक्त परामर्श प्राप्त करने के पश्चात् किया जायेगा.
	क्षेत्रीय उपसंचालक, स्थानीय निधि संपरीक्षा, म.प्र.	3. सहायक संचालक, जिला कार्यालय, स्थानीय निधि संपरीक्षा, म.प्र.		म.प्र. स्थानीय निधि संपरीक्षा अधिनियम, 1973 की धारा 8 और 9 के अनुसार ग्राम पंचायतों (ग्राम कोष सहित) के लेखों पर तैयार की गई संपरीक्षा रिपोर्ट में यथा उल्लेखित हानि, गबन एवं गंभीर वित्तीय अनियमितता से संबंधित संपरीक्षा आपत्तियां होने पर.	ग्राम पंचायतों की संपरीक्षा आपत्तियों का प्रत्याहरण और अंतिम निपटारा तहसील के अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा, स्थानीय प्राधिकारी द्वारा दिये गये स्पष्टीकरण के प्रकाश में उपयुक्त परामर्श प्राप्त करने के पश्चात् किया जायेगा.

टीप.—1. म.प्र. शासन वित्त विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ-1(सी)1/2006/ई/चार, भोपाल, दिनांक 9-11-2006.

2. म.प्र. शासन वित्त विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ-1(सी)1/2006/ई/चार, भोपाल, दिनांक 12-1-2007.

3. म.प्र. शासन वित्त विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ-1(सी)1/2006/ई/चार, भोपाल, दिनांक 25-1-2008 को उपरोक्तानुसार अधिक्रमित किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
एस. एन. मिश्रा, सचिव.

जनसंपर्क विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 31 मार्च 2012

क्र. एफ-2-25-2025-जसं-चौबीस.—राज्य शासन, अनूपपुर, अशोकनगर, बुरहानपुर, सिंगरौली और अलीराजपुर में जिला जनसंपर्क कार्यालय स्थापित किए जाने की स्वीकृति प्रदान करता है.

(2) नवीन पांच एवं पूर्व में गठित सात जिलों में जिला जनसंपर्क कार्यालयों के लिये अधिकारी/कर्मचारियों के निम्नलिखित 46 पदों के सृजन करने की अनुमति प्रदान करता है :—

क्र.	पद का नाम	पद संख्या	वेतनमान	टीप
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
1	सहायक संचालक	05	15600—39100 ग्रेड पे 5400	जिला जनसंपर्क कार्यालय अनूपपुर, अशोकनगर, बुरहानपुर, सिंगरौली, अलीराजपुर के लिए एक-एक पद.
2	प्रचार सहायक ग्रेड-एक	05	5200—20200 ग्रेड पे 2800	जिला जनसंपर्क कार्यालय अनूपपुर, अशोकनगर, बुरहानपुर, सिंगरौली, अलीराजपुर के लिए एक-एक पद.
3	सहायक ग्रेड-तीन सह डाटा एन्ट्री आपरेटर.	12	5200—20200 ग्रेड पे 1900 (संविदा पर, वेतनमान के न्यूनतम पर ग्रेड पे सहित).	जिला जनसंपर्क कार्यालय अनूपपुर, अशोकनगर, बुरहानपुर, सिंगरौली, अलीराजपुर, बड़वानी, श्योपुर, डिंडौरी, कटनी, नीमच, हरदा उमरिया के लिए एक-एक पद.
4	चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी भृत्य/चौकीदार.	24	4400—7440 ग्रेड पे-1300 (संविदा कलेक्टर दर पर).	जिला जनसंपर्क कार्यालय अनूपपुर, अशोकनगर, बुरहानपुर, सिंगरौली, अलीराजपुर, बड़वानी, श्योपुर, डिंडौरी, कटनी, नीमच, हरदा, उमरिया के लिए दो-दो पद.
	कुल पद . .	46		

(3) नियमित स्थापना के 10 पदों (सहायक संचालक-05 एवं प्रचार सहायक ग्रेड-एक, 05) की पूर्ति विभागीय भर्ती नियमों के अनुसार तथा सहायक ग्रेड-तीन, सह-डाटा एन्ट्री ऑपरेटर के 12 पद ग्रेड-पे सहित न्यूनतम वेतनमान संविदा पर और चतुर्थ श्रेणी के 24 पदों की पूर्ति संविदा कलेक्टर दर पर की जायेगी.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
लाजपत आहूजा, अपर सचिव.

आवास एवं पर्यावरण विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 9 अप्रैल 2012

क्र. एफ-3-49-2012-बत्तीस.—राज्य शासन मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 (संशोधन 1996) की धारा 17क(1) के अन्तर्गत रामपुर बाघेलान विकास योजना 2021 हेतु निम्नानुसार समिति का गठन करता है. यह समिति अधिनियम की धारा 17-क(2) के अनुसार कार्य करेगी:—

अधिनियम की धारा 17क(1)की उपधारा	पद/व्यक्ति का नाम	संस्था का नाम	पद
(1)	(2)	(3)	(4)
(क)	अध्यक्ष	नगर पंचायत, रामपुर बाघेलान, जिला सतना	सदस्य
(ख)	अध्यक्ष	जिला पंचायत, सतना	सदस्य
(ग)	सांसद	संसदीय क्षेत्र सतना	सदस्य
(घ)	विधायक	विधान सभा क्षेत्र, रामपुर बाघेलान, जिला सतना	सदस्य
(ङ)	लागू नहीं.	लागू नहीं.	
(च)	अध्यक्ष	जनपद पंचायत, रामपुर बाघेलान, जिला सतना	सदस्य
(छ)	सरपंच	ग्राम पंचायत, बढौरा	सदस्य
	सरपंच	ग्राम पंचायत, बांधा (झूसी-1, झूसी-2)	सदस्य
	सरपंच	ग्राम पंचायत, जमुना	सदस्य
	सरपंच	ग्राम पंचायत, तपा	सदस्य
	सरपंच	ग्राम पंचायत, खारी	सदस्य
	सरपंच	ग्राम पंचायत, महुरछ कदैंला (शंकरपुर)	सदस्य
	सरपंच	ग्राम पंचायत, सेल्हना (टिकुरी हेतु)	सदस्य
	सरपंच	ग्राम पंचायत, बठिया (बम्हौरी)	सदस्य
	सरपंच	ग्राम पंचायत, मनकहरी	सदस्य
	सरपंच	ग्राम पंचायत, ऐरा (पड़रिया हेतु)	सदस्य
	सरपंच	ग्राम पंचायत, करहीलामी	सदस्य
(ज)	1. प्रतिनिधि	कलेक्टर, जिला सतना	सदस्य
	2. प्रतिनिधि	इंस्टीट्यूट ऑफ टाउन प्लानर्स इंडिया	सदस्य
	3. प्रतिनिधि	काउंसिल ऑफ आर्कीटेक्चर ऑफ इंडिया	सदस्य
	4. प्रतिनिधि	इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियर्स ऑफ इंडिया	सदस्य
	5. प्रतिनिधि	कार्यपालन यंत्री, विद्युत मण्डल, सतना	सदस्य
	6. प्रतिनिधि	कार्यपालन यंत्री, लो. स्वा. यां., सतना	सदस्य
	7. प्रतिनिधि	कार्यपालन यंत्री, राष्ट्रीय राजमार्ग, सतना	सदस्य
(झ)	समिति का संयोजक	उप संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, सतना	समिति संयोजक.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
वर्षा नावलेकर, उपसचिव.

विधि और विधायी कार्य विभाग

भोपाल, दिनांक 11 अप्रैल 2012

फा. क्र. 17(ई) 83-03-3056-इक्कीस-ब(एक)-011-1235-12.—विद्युत् अधिनियम, 2003 (2003 का 36) की धारा 153 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की सहमति से, एतद्द्वारा, इस विभाग की अधिसूचना एफ. क्रमांक 17(ई) 83-03-इक्कीस-ब(1), दिनांक 16 सितम्बर 2010 में, जो मध्यप्रदेश ''राजपत्र'', दिनांक 24 सितम्बर, 2010 में प्रकाशित की गई थी, निम्नलिखित संशोधन करता है, अर्थात् :—

संशोधन

उक्त अधिसूचना में, सारणी में, अनुक्रमांक 6, 17, 18, 23, 44, 55, 57, 63, 64, 66, 68, 71, 74, 92, 101 और 108 तथा उनसे संबंधित प्रविष्टियों के स्थान पर, निम्नलिखित अनुक्रमांक तथा उनसे संबंधित प्रविष्टियां स्थापित की जाएं, अर्थात् :—

सारणी

अनुक्रमांक	सिविल जिले का नाम	विशेष न्यायालय का नाम	विशेष न्यायालय की क्षेत्रीय अधिकारिता (विद्युत् क्षेत्र के अनुसार)
(1)	(2)	(3)	(4)
''6.	बालाघाट	द्वितीय अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, बालाघाट	सिविल जिला बालाघाट का समस्त विद्युत क्षेत्र (अनुक्रमांक 7 में यथाविनिर्दिष्ट विशेष न्यायालय की अधिकारिता को छोड़कर).
17.	बुरहानपुर	अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश के न्यायालय का अतिरिक्त न्यायाधीश (फास्ट ट्रेक कोर्ट), बुरहानपुर.	सिविल जिला बुरहानपुर का समस्त विद्युत् क्षेत्र
18.	छतरपुर	चतुर्थ अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, छतरपुर	सिविल जिला छतरपुर का समस्त विद्युत् क्षेत्र (अनुक्रमांक 19 तथा 20 में यथाविनिर्दिष्ट विशेष न्यायालय की अधिकारिता को छोड़कर).
23.	दमोह	तृतीय अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, दमोह	सिविल जिला, दमोह का समस्त विद्युत् क्षेत्र
44.	होशंगाबाद	अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश (फास्ट ट्रेक कोर्ट), पिपरिया.	पिपरिया का समस्त विद्युत् क्षेत्र
55.	मण्डला	प्रथम अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, मण्डला	सिविल जिला मण्डला का समस्त विद्युत् क्षेत्र
57.	मन्दसौर	तृतीय अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, मंदसौर	सीतामऊ का विद्युत् क्षेत्र (राजस्व तहसील सीतामऊ एवं सुवासरा को सम्मिलित कर).
63	मुरैना	द्वितीय अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, जौरा	जौरा का विद्युत् क्षेत्र
64.	नरसिंहपुर	प्रथम अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, नरसिंहपुर	सिविल जिला नरसिंहपुर के समस्त विद्युत् क्षेत्र (अनुक्रमांक 65 में यथाविनिर्दिष्ट विशेष न्यायालय की अधिकारिता को छोड़कर).
66.	नीमच	प्रथम अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, नीमच	सिविल जिला नीमच के समस्त विद्युत् क्षेत्र (अनुक्रमांक 67 में यथाविनिर्दिष्ट विशेष न्यायालय की अधिकारिता को छोड़कर)
68.	पन्ना	विशेष न्यायाधीश अनुसूचित जातियां/अनुसूचित जनजातियां (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 पन्ना.	सिविल जिला पन्ना के समस्त विद्युत् क्षेत्र (अनुक्रमांक 69 में यथाविनिर्दिष्ट विशेष न्यायालय की अधिकारिता को छोड़कर).

(1)	(2)	(3)	(4)
71.	रायसेन	द्वितीय अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, (फास्ट ट्रेक कोर्ट) बेगमगंज.	बेगमगंज का विद्युत् क्षेत्र
74.	राजगढ़	अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश के न्यायालय का अतिरिक्त न्यायाधीश (फास्ट ट्रेक कोर्ट) नरसिंहगढ़.	नरसिंहगढ़ का विद्युत् क्षेत्र
92	शहडोल	अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश (फास्ट ट्रेक कोर्ट) ब्यौहारी.	ब्यौहारी का विद्युत् क्षेत्र
101	सीधी	प्रथम अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश सीधी	सिविल जिला सीधी के समस्त विद्युत् क्षेत्र (अनुक्रमांक 102 में यथाविनिर्दिष्ट विशेष न्याायलय की अधिकारिता को छोड़कर).
108	विदिशा	द्वितीय अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश के न्यायालय का प्रथम अतिरिक्त न्यायाधीश (फास्ट ट्रेक कोर्ट) बासौदा.	बासौदा का विद्युत् क्षेत्र".

टिप्पणी—विशेष न्यायालय में लंबित मामले उनकी क्षेत्रीय अधिकारिता के अनुसार नवीन गठित न्यायालय में अंतरित हो जायेंगे.

F. No. 17(E) 83-03-3056-XXI-B-(One) 011-1235-12.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of Section 153 of the Electricity Act, 2003 (No. 36 of 2003), the State Government, with the concurrence of the High Court of Madhya Pradesh, hereby makes the following amendments in this Department's Notification F. No. 17(E)83-03-XXI-B-(1), dated 16th September 2010, which was published in Madhya Pradesh Gazette dated 24th of September, 2010 namely :—

AMENDMENTS

In the said notification, in the Table, for serial numbers 6, 17, 18, 23, 44, 55, 57, 63, 64, 66, 68, 71, 74, 92, 101 and 108 and entries relating thereto, the following serial numbers and entries relating thereto shall be substituted, namely :—

TABLE

S.No.	Name of the Civil District	Name of Special Court	Territorial jurisdiction of Special Court (According to the electricity Area)
(1)	(2)	(3)	(4)
"6.	Balaghat	II[nd] Additional Sessions Judge, Balaghat.	All Electricity Area of Civil District Balaghat (excluding the jurisdiction of Special Court as specified at Serial No. 7).
17.	Burhanpur	Additional Judge to the Court of Additional Sessions Judge (Fast Track Court) Burhanpur.	All Electricity Area of Civil District Burhanpur.
18.	Chhatarpur	IVth Additional Sessions Judge, Chhatarpur.	All Electricity area of Civil District, Chhatarpur (excluding the jurisdiction of Special Courts as specified at Serial No. 19 and 20).

(1)	(2)	(3)	(4)
23.	Damoh	IIIrd Additional Sessions Judge, Damoh.	All Electricity area of Civil District, Damoh.
44.	Hoshangabad	Additional Sessions Judge (Fast Track Court) Pipariya.	All Electricity area of Pipariya
55.	Mandla	Ist Additional Sessions Judge, Mandla.	All Electricity area of Civil District, Mandla.
57.	Mandsaur	IIIrd Additional Sessions Judge Mandsaur.	Electricity area of Sitamou (including the territorial limits Sitamau and Suwasara).
63.	Morena	IInd Additional Sessions Judge, Jora.	Electricity area of Jora.
64	Narsinghpur	Ist Additional Sessions Judge, Narsinghpur.	All Electricity area of Civil District Narsinghpur (excluding the jurisdiction of Special Court as specified at Serial No. 65).
66.	Neemuch	Ist Additional Sessions Judge, Neemuch.	All Electricity area of Civil District, Neemuch (excluding the jurisdiction of Special Court as specified at Serial No. 67).
68.	Panna	Special Judge Scheduled Castes and Schduled Tribes, (Prevention of Atrocities) Act, 1989, Panna.	All Electricity area of Civil District, Panna (excluding the jurisdiction of Special Court as specified at Serial No. 69).
71.	Raisen	IInd Additional Sessions Judge, (Fast Track Court) Begumganj.	Electricity area of Begumganj
74.	Rajgarh	Additional Judge to the Court of Additional Sessions Judge (Fast Track Court) Narsinghgarh.	Electricity area of Narsinghgarh
92.	Shahdol	Additional Sessions Judge (Fast Track Court) Beohari.	Electricity area of Beohari
101.	Sidhi	Ist Additional Sessions Judge, Sidhi.	All Electricity area of Civil District Sidhi (excluding the jurisdiction of Special Court as specified at Serial No. 102).
108.	Vidisha	Ist Additional Judge to IInd Additional Sessions Judge, (Fast Track Court) Basoda.	Electricity area of Basoda."

Note.—The pending cases of the Special Court shall be stand transferred to the newly constituted Court according to their territorial jurisdiction.

फा. क्र. 17(ई) 83-03-3056-इक्कीस-ब(एक)-011-1235-12.—विद्युत् अधिनियम, 2003 (2003 का 36) की धारा 153 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की सहमति से, एतद्द्वारा, इस विभाग की अधिसूचना एफ. क्रमांक 17(ई) 83-03-इक्कीस-ब(1), दिनांक 16 सितम्बर, 2010 में जो मध्यप्रदेश राजपत्र दिनांक 24 सितम्बर 2010 में प्रकाशित की गई थी, निम्नलिखित संशोधन करता है, अर्थात् :—

संशोधन

उक्त अधिसूचना में, सारणी में, अनुक्रमांक 6, 8, 12, 17, 18, 22, 23, 26, 33, 36, 39, 42, 44, 48, 55, 57, 60, 62, 63, 64, 66, 68, 70, 71, 74, 76, 83, 84-क, 87, 88, 89, 92, 93, 94, 97, 100, 101, 104, 108 और 112 तथा उनसे संबंधित प्रविष्टियों के स्थान पर, निम्नलिखित अनुक्रमांक तथा उनसे संबंधित प्रविष्टियां स्थापित की जाएं, अर्थात् :—

सारणी

क्रमांक (1)	सिविल जिले का नाम (2)	विशेष न्यायालय का नाम (3)	विशेष न्यायालय के न्यायाधीश का नाम (4)
"6.	बालाघाट	द्वितीय अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, बालाघाट	श्री राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, द्वितीय अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, बालाघाट.
8.	बड़वानी	विशेष न्यायाधीश अनुसूचित जातियां/जनजातियां (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 बड़वानी.	श्री डी. एस. सोलंकी, विशेष न्यायाधीश अनुसूचित जातियां/जनजातियां (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 बड़वानी.
12.	भिण्ड	प्रथम अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, भिण्ड	श्री आर. सी. वार्ष्णेय, प्रथम अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, भिण्ड.
17.	बुरहानपुर	अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश के न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश (फास्ट ट्रेक), बुरहानपुर.	कु. सुनीता सिरिल बारलो, अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश के न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश (फास्ट ट्रेक) बुरहानपुर.
18.	छतरपुर	चतुर्थ अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, छतरपुर	श्री कृष्णमूर्ति मिश्रा, चतुर्थ अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, छतरपुर.
22.	छिन्दवाड़ा	अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश (फास्ट ट्रेक) अमरवाड़ा.	श्री किसना अतुलकर, अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश (फास्ट ट्रेक) अमरवाड़ा.
23.	दमोह	तृतीय अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, दमोह	श्री महेशचन्द्र सोनी, तृतीय अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, दमोह.
26.	देवास	चतुर्थ अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, देवास	श्री राजेश कुमार गुप्ता, चतुर्थ अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, देवास.
33.	डिण्डोरी	जिला एवं सेशन न्यायाधीश, डिण्डोरी	श्रीमती अंजुली पालो, जिला एवं सेशन न्यायाधीश, डिण्डोरी.
36	गुना	तृतीय अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, गुना	श्री सुरेश कुमार चौबे (सीनियर), तृतीय अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, गुना.
39.	ग्वालियर	अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, विशेष न्यायालय क्रमांक 4, ग्वालियर.	श्री राकेश कुमार, गुप्ता, अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, विशेष न्यायालय क्रमांक 4, ग्वालियर.

(1)	(2)	(3)	(4)
42.	होशंगाबाद	प्रथम अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, होशंगाबाद	श्री योगेश दत्त (शुक्ला), प्रथम अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, होशंगाबाद.
44.	होशंगाबाद	अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश (फास्ट ट्रेक) पिपरिया.	श्री काशीनाथ सिंह, अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, (फास्ट ट्रेक), पिपरिया.
48.	इन्दौर	तृतीय अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, इन्दौर	श्री भरतसिंह औहरिया, तृतीय अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, इन्दौर.
55.	मण्डला	प्रथम अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, मण्डला	श्री राजीव कुमार कर्माहे, प्रथम अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, मण्डला.
57.	मंदसौर	तृतीय अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, मंदसौर	श्री सुनील कुमार जैन (सीनियर), तृतीय अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, मंदसौर.
60.	मुरैना	द्वितीय अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, मुरैना	श्री राकेश श्रोती, द्वितीय अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, मुरैना.
62.	मुरैना	अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, सबलगढ़	श्री विवेक कुमार गुप्ता, अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, सबलगढ़.
63.	मुरैना	द्वितीय अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, जौरा	श्री मधुसूदन मिश्रा, द्वितीय अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, जौरा.
64.	नरसिंहपुर	प्रथम अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, नरसिंहपुर	श्री अजय कुमार गर्ग, प्रथम अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, नरसिंहपुर.
66.	नीमच	प्रथम अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, नीमच	श्रीमती विधि सक्सेना, प्रथम अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, नीमच.
68.	पन्ना	विशेष न्यायाधीश अनुसूचित जातियां/जनजातियां (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 पन्ना.	श्री बी. के. निगम, विशेष न्यायाधीश अनुसूचित जातियां/जनजातियां (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 पन्ना.
70.	रायसेन	द्वितीय अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, रायसेन	श्री शिवचरण पाण्डे, द्वितीय अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, रायसेन.
71.	रायसेन	द्वितीय अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, (फास्ट ट्रेक कोर्ट) बेगमगंज.	श्री कमल जोशी, द्वितीय अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, (फास्ट ट्रेक कोर्ट), बेगमगंज.
74.	राजगढ़	अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, (फास्ट ट्रेक कोर्ट), के न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश, नरसिंहगढ़.	श्री भैयालाल वर्मा, अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, (फास्ट ट्रेक कोर्ट) के न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश, नरसिंहगढ़.

(1)	(2)	(3)	(4)
76.	रतलाम	प्रथम अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, जावरा	श्री ए. के. वर्मा, प्रथम अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, जावरा.
83.	सतना	तृतीय अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, सतना	श्री उमेश चंद्र मिश्रा, तृतीय अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, सतना.
84-क	सतना	अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, नागौद	श्री वाचस्पति मिश्र, अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, नागौद.
87.	सीहोर	द्वितीय अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, (फास्ट ट्रेक कोर्ट), आष्टा.	श्री सत्येन्द्र गोवर्धनलाल जोशी, द्वितीय अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, (फास्ट ट्रेक कोर्ट), आष्टा.
88.	सीहोर	प्रथम अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, नसरूल्लागंज.	श्री शशि भूषण पाठक, प्रथम अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, नसरूल्लागंज.
89.	सिवनी	तृतीय अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, (फास्ट ट्रेक कोर्ट), सिवनी.	श्रीमती ललिता धुर्वे, तृतीय अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, (फास्ट ट्रेक कोर्ट), सिवनी.
92.	शहडोल	अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, (फास्ट ट्रेक कोर्ट), ब्यौहारी.	कु. निर्मला चावड़ा, अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, (फास्ट ट्रेक कोर्ट), ब्यौहारी.
93.	शाजापुर	द्वितीय अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, शाजापुर.	कु. साधना माहेश्वरी, द्वितीय अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, शाजापुर.
94.	शाजापुर	द्वितीय अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, (फास्ट ट्रेक कोर्ट), शुजालपुर.	श्रीमती माया विश्वलाल, द्वितीय अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, (फास्ट ट्रेक कोर्ट), शुजालपुर.
97.	श्योपुर	विशेष न्यायाधीश अनुसूचित जातियां/जनजातियां (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 श्योपुर.	श्री शिशिरकांत चौबे, विशेष न्यायाधीश अनुसूचित जातियां/जनजातियां (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 श्योपुर.
100.	शिवपुरी	अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, पिछौर	श्री सुबोध कुमार जैन, अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, पिछौर.
101.	सीधी	प्रथम अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, सीधी	श्री अखिलेशचन्द्र शुक्ला, प्रथम अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, सीधी.
104.	उज्जैन	चतुर्थ अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, उज्जैन	श्री राजेन्द्र कुमार वाणी, चतुर्थ अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, उज्जैन.
108	विदिशा	द्वितीय अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, (फास्ट ट्रेक कोर्ट), के प्रथम अतिरिक्त न्यायाधीश, बासौदा.	श्री पी. सी. आर्य, द्वितीय अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, (फास्ट ट्रेक कोर्ट),के प्रथम अतिरिक्त न्यायाधीश, बासौदा.
112.	पश्चिम निमाड़ मण्डलेश्वर.	अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, बड़वाह	कु. जसवीर कौर सासन, अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, बड़वाह.

F. No. 17(E)83-03-XXI-B-(One)-1235-12.—In exercise of the powers conferred by sub-section (2) of Section 153 of the Electricity Act, 2003 (No. 36 of 2003), the State Government, with the concurrence of the High Court of Madhya Pradeah, hereby makes the following amendments in this Department's Notification F. No. 17(E)83-03-XXI-B-(One), dated 16th September 2010, which was publised in the Madhya Pradeah Gazette Part-1 dated 24th of September, 2010 namely :—

AMENDMENT

In the said notification, in the table, for serial number 6, 8, 12, 17, 18, 22, 23, 26, 33, 36, 39, 42, 44, 48, 55, 57, 60, 62, 63, 64, 66, 68, 70, 71, 74, 76, 83, 84-A, 87, 88, 89, 92, 93, 94, 97, 100, 101, 104, 108, and 112 and entries relating thereto, the following serial numbers and entries relating thereto shall be substituted, namely :—

S.No.	Name of the Civil District	Name of Special Court	Name of the Judge of the Special Court
(1)	(2)	(3)	(4)
"6.	Balaghat	IInd Additional Sessions Judge, Balaghat.	Shri Rajendra Prasad Gupta, IInd Additional Sessions Judge, Balaghat.
8.	Barwani	Special Judge, Scheduled Castes/Schduled Tribes (Prevention of Atrocities) Act, 1989, Barwani.	Shri D. S. Solanki, Special Judge Scheduled Castes/Schduled Tribes (Prevention of Atrocities) Act, 1989, Barwani.
12.	Bhind	Ist Additional Sessions Judge, Bhind.	Shri R. C. Varshney, Ist Additional Sessions Judge, Bhind.
17.	Burhanpur	Additional Judge to the Court of Additional Sessions Judge (Fast Track Court) Burhanpur.	Ku. Sunita Ciril Barlow, Additional Judge, to the Court of Additional Sessions Judge (Fast Track Court), Burhanpur.
18.	Chhatarpur	IVth Additional Sessions Judge, Chhatarpur.	Shri Krishna Murty Mishra, IVth Additional Sessions Judge, Chhatarpur.
22.	Chhindwara	Additional Sessions Judge, (Fast Track Court), Amarwara.	Shri Kisna Atulkar, Additional Sessions Judge (Fast Track Court), Amarwara.
23.	Damoh	IIIrd Additional Sessions Judge, Damoh.	Shri Mahesh Chandra Soni, IIIrd Additional Sessions Judge, Damoh.
26.	Dewas	IVth Additional Sessions Judge, Dewas.	Shri Rajesh Kumar Gupta, IVth Additional Sessions Judge, Dewas.
33.	Dindori	District and Sessions Judge, Dindori.	Smt. Anjuli Palo, District and Sessions Judge, Dindori.

(1)	(2)	(3)	(4)
36.	Guna	IIIrd Additional Sessions Judge, Guna.	Shri Suresh Kumar Choubey (Sr.) IIIrd Additional Sessions Judge, Guna.
39.	Gwalior	Additional Sessions Judge, Special Court, No. 4, Gwalior.	Shri Rakesh Kumar Gupta, Additional Sessions Judge, Special Court No. 4, Gwalior.
42.	Hoshangabad	Ist Additional Sessions Judge, Hoshangabad.	Shri Yogesh Dutta (Shukla), Ist Additional Sessions Judge, Hoshangabad.
44.	Hoshangabad	Additional Sessions Judge, (Fast Track Court) Pipariya.	Shri Kashinath Singh, Additional Sessions Judge, (Fast Track Court) Pipariya.
48.	Indore	IIIrd Additional Sessions Judge, Indore.	Shri Bharat Singh Ohriya, IIIrd Additional Sessions Judge, Indore.
55.	Mandla	Ist Additional Sessions Judge, Mandla.	Shri Rajeev Kumar Karmahe, Ist Additional Sessions Judge, Mandla.
57.	Mandsaur	IIIrd Additional Sessions Judge, Mandsaur.	Shri Sunil Kumar Jain (Sr.), IIIrd Additional Sessions Judge, Mandsaur.
60.	Morena	IInd Additional Sessions Judge, Morena.	Shri Rakesh Shotriya, IInd Additional Sessions Judge, Morena.
62.	Morena	Additional Sessions Judge, Sabalgarh.	Shri Vivek Kumar Gupta, Additional Sessions Judge, Sabalgarh.
63.	Morena	IInd Additional Sessions Judge, Jora.	Shri Madhu Sudan Mishra, IInd Additional Sessions Judge, Jora.
64.	Narsinghpur	Ist Additional Sessions Judge, Narsinghpur.	Shri Ajay Kumar Garg, Ist Additional Sessions Judge, Narsinghpur.
66.	Neemuch	Ist Additional Sessions Judge, Neemuch.	Smt. Vidhi Saxena, Ist Additional Sessions Judge, Neemuch.
68	Panna	Special Judge, Scheduled Castes/ Scheduled Tribes (Prevention of Atrocities) Act, 1989, Panna.	Shri B.K. Nigam, Special Judge, Scheduled Castes/Scheduled Tribes (Prevention of Atrocities) Act, 1989, Panna.
70.	Raisen	IInd Additional Sessions Judge, Raisen.	Shri Shiv Charan Pandey, IInd Additional Sessions Judge, Raisen.
71.	Raisen	IInd Additional Sessions Judge, (Fast Track Court) Begumganj.	Shri Kamal Joshi, IInd Additional Sessions Judge, (Fast Track Court), Begumganj.
74.	Rajgarh	Additional Judge to the Court of Additional Sessions Judge (Fast Track Court), Narsinghgarh.	Shri Bhiyalal Verma, Additional Judge to the Court of Additional Sessions Judge (Fast Track Court), Narsinghgarh.

(1)	(2)	(3)	(4)
76	Ratlam	Ist Additional Sessions Judge, Jaora.	Shri A.K. Verma, Ist Additional Sessions Judge, Jaora.
83.	Satna	IIIrd Additional Sessions Judge, Satna.	Shri Umesh Chandra Mishra, IIIrd Additional Sessions Judge, Satna.
84-A.	Satna	Additonal Sessions Judge, Nagod	Shri Vachaspati Mishra, Additional Sessions Judge, Nagod.
87.	Sehore	IInd Additional Sessions Judge, (Fast Track Court), Ashta.	Shri Satyendra Govardhanlal Joshi, IInd Additional Sessions Judge (Fast Track Court), Ashta.
88.	Sehore	Ist Additional Sessions Judge, Nasrullaganj.	Shri Shashi BhushanPathak, Ist Additional Sessions Judge, Nasrullaganj.
89.	Seoni	IIIrd Additional Sessions Judge, (Fast Track Court), Seoni.	Smt. Lalita Dhurve, IIIrd Additional Sessions Judge (Fast Track Court), Seoni.
92.	Shahdol	Additional Sessions Judge, (Fast Track Court), Beohari.	Ku. Nirmala Chawda, Additional Sessions Judge (Faxt Track Court), Beohari.
93.	Shajapur	IInd Additional Sessions Judge, Shajapur.	Ku. Sadhna Maheshwari, IInd Additional Sessions Judge, Shajapur.
94.	Shajapur	IInd Additional Sessions Judge (Fast Track Court), Shujalpur.	Smt. Maya Vishwalal, IInd Additional Sessions Judge (Fast Track Court), Shujalpur.
97.	Sheopur	Special Judge, Scheduled Castes/ Scheduled Tribes (Prevention of Atrocities) Act, 1989, Sheopur.	Shri Shishir Kant Choubey, Special Judge, Scheduled Castes/Scheduled Tribes (Prevention of Atrocities) Act, 1989, Sheopur.
100.	Shivpuri	Additonal Sessions Judge, Pichore	Shri Subhodh Kumar Jain, Additional Sessions Judge, Pichore.
101.	Sidhi	Ist Additional Sessions Judge, Sidhi	Shri Akhilesh Chandra Shukla, Ist Additional Sessions Judge, Sidhi.
104.	Ujjain	IVth Additional Sessions Judge, Ujjain.	Shri Rajendra Kumar Vani, IVth Additional Sessions Judge, Ujjain.
108.	Vidisha	Ist Additional Sessions Judge to IInd Additional Sessions Judge (Fast Track Court), Basoda.	Shri P. C. Arya, Ist Additional Sessions Judge to IInd Additional Sessions Judge (Fast Track Court), Basoda.
112.	West Nimar Mandleshwar.	Additional Sessions Judge, Barwah	Ku. Jasweer Kaur Sasan, Additional Sessions Judge, Barwah.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
के. डी. खान, प्रमुख सचिव.

राजस्व विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 10 अप्रैल 2012

सूचना

क्र. एफ. 1-1-2011-सात-6.—मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता, 1959 (1959 का क्रमांक 20) की धारा 13 की उपधारा (2) के प्रतिबंध में निहित उपबंध के अनुसरण में, इसके द्वारा यह सूचना दी जाती है कि उक्त धारा की उपधारा (1), उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में राज्य शासन **एक नवीन तहसील सिमरिया, जिला पन्ना** सृजित करने हेतु निम्न अनुसूची के कॉलम (5) में उल्लेखित किये गये अनुसार **वर्तमान तहसील पवई जिला पन्ना** की सीमाओं को परिवर्तित करने, कॉलम (2) में दर्शाई तहसील को कॉलम (3) में दर्शाये उसके नाम के मुख्यालय से उसकी स्थापना करने तथा उक्त अनुसूची के कॉलम (6) में उल्लेखित किये अनुसार नवीन तहसील की सीमाएं निर्धारित करने का प्रस्ताव करता है.

(2) इस प्रस्ताव पर "मध्यप्रदेश राजपत्र" में इस सूचना के प्रकाशित होने की दिनांक से 60 दिन समाप्त होने पर विचार किया जावेगा और इसके संबंध में कोई आपत्ति या सुझाव उक्त कालावधि समाप्त होने के पूर्व प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग को लिखित में भेजे जा सकेंगे :—

अनुसूची

क्र.	प्रस्तावित तहसील	मुख्यालय	वर्तमान तहसील	परिवर्तन का प्रकार	सीमाएं
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
1	सिमरिया	सिमरिया	पवई	वर्तमान तहसील पवई के रा.नि.मं. सिमरिया के पटवारी हल्का क्र. 1 से 31 तक, कुल 31 पटवारी हल्के अपवर्जित होकर प्रस्तावित तहसील सिमरिया में कुल 31 प.ह.नं. होंगे जिसमें कुल ग्राम 64 होंगे.	**पूर्व में**—तहसील पवई **पश्चिम में**—तहसील हटा (दमोह) **उत्तर में**—तहसील अमानगंज **दक्षिण में**—तहसील रैपुरा.

क्र.	शेष तहसील	मुख्यालय	शेष तहसील पवई	परिवर्तन का प्रकार	सीमाएं
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
2	पवई	पवई	पवई	वर्तमान तहसील पवई के रा.नि.मं. पवई के 27 प. ह., रा.नि. कल्दा के 15 प.ह., कुल 42 पटवारी हल्के एवं 115 ग्राम रहेंगे.	**पूर्व में**—तहसील नागौद (सतना) **पश्चिम में**—तहसील सिमरिया **उत्तर में**—तहसील गुनौर **दक्षिण में**—तहसील शाहनगर.

प्रस्तावित परिवर्तन यह सुनिश्चित करने की दृष्टि से किया जा रहा है कि क्षेत्र का प्रशासन समुचित एवं प्रभावी रूप से किया जा सके.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अशोक गुप्ता, अपर सचिव.

विभाग प्रमुखों के आदेश

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग
"निर्वाचन भवन"
58, अरेरा हिल्स, भोपाल, मध्यप्रदेश

आदेश

भोपाल, दिनांक 10 अप्रैल 2012

क्र. एफ. 67-192-10-तीन-582.—मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-क के अनुसार अध्यक्ष के निर्वाचन में भाग लेने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन संबंधी उस समस्त व्यय का, जो उसने स्वयं या उसके निर्वाचन अभिकर्ता ने, नामनिर्दिष्ट होने की तारीख से निर्वाचन के परिणाम की घोषणा की तारीख की अवधि के बीच उपगत किया हो या उपगत करने के लिये प्राधिकृत किया हो, पृथक् और सही लेखा रखेगा या अपने निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा रखवाएगा. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार अध्यक्ष का निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन की तारीख से 30 दिन के अन्दर अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचित अधिकारी के पास दाखिल करेगा.

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी "निर्वाचन व्यय (लेखा संधारण और प्रस्तुति) आदेश, 1997" "मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण)", दिनांक 6 जून 1997 में प्रकाशित हुआ है. उसमें यह निर्दिष्ट किया गया है कि निर्वाचन व्ययों का लेखा विहित अवधि में तथा विनिर्दिष्ट प्रोफार्मा में जिला निर्वाचन अधिकारी के पास दाखिल किया जाएगा.

माह दिसम्बर 2009 में सम्पन्न हुए **नगर पंचायत देवेन्द्रनगर, जिला पन्ना** के आम निर्वाचन में **डॉ. सी.एल. कुशवाहा (दाऊ)**, अध्यक्ष पद के अभ्यर्थी थे. **नगर पंचायत देवेन्द्रनगर, जिला पन्ना** के निर्वाचन का परिणाम दिनांक 15 दिसम्बर 2009 को घोषित हुआ. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार निर्वाचन परिणाम की घोषणा की तारीख से 30 दिन के अन्दर अर्थात् दिनांक 14 जनवरी 2010 तक इन्हें अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा जिला निर्वाचन अधिकारी, पन्ना के पास दाखिल किया जाना था, किन्तु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, पन्ना के पत्र क्र. 701-स्था.निर्वा.-10, दिनांक 21 अप्रैल 2010 के द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार **डॉ. सी.एल. कुशवाहा (दाऊ)** द्वारा 33 दिन विलंब से अर्थात् विहित समय में निर्वाचन व्ययों का लेखा दाखिल नहीं किया गया.

विहित समयावधि में निर्वाचन व्यय का लेखा प्रस्तुत न करने का प्रतिवेदन प्राप्त होने पर **डॉ. सी.एल. कुशवाहा (दाऊ)** को कारण बताओ नोटिस दिनांक 12 मई 2010 को जारी किया गया. कलेक्टर पन्ना ने पत्र दिनांक 30 सितम्बर 2011 में कारण बताओ नोटिस उपलब्ध नहीं होने के कारण नोटिसों की द्वितीय प्रतियां चाहीं. अतः आयोग ने दिनांक 21 अक्टूबर 2011 को पुनः कारण बताओ नोटिस जारी कर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी पन्ना के माध्यम से दिनांक 11 नवम्बर 2011 को तामील कराया गया. कारण बताओ नोटिस में अभ्यर्थी से जवाब (लिखित अभ्यावेदन) इस कारण बताओ सूचना के प्राप्त होने के 15 दिन के अन्दर चाहा गया था. नोटिस में सभी वैधानिक स्थिति बताते हुए यह भी अंकित किया गया था कि 15 दिन के अन्दर उत्तर प्राप्त न होने की स्थिति में यह माना जाकर कि उन्हें इस संबंध में कुछ नहीं कहना है, उनके विरुद्ध एकपक्षीय आदेश पारित कर दिया जायेगा.

डॉ. सी.एल. कुशवाहा (दाऊ), को नोटिस दिनांक 11 नवम्बर 2011 को तामील कराया गया. अतः उनको दिनांक 26 नवम्बर 2011 तक अभ्यावेदन प्रस्तुत करना था. तामीली पश्चात् की जानकारी चाहे जाने पर कलेक्टर पन्ना ने अपने पत्र दिनांक 03 फरवरी 2012 में लेख किया कि " . . . . अभ्यर्थी **डॉ. सी.एल. कुशवाहा (दाऊ)** को नोटिस की तामीली उपरांत उल्लिखित अवधि में अपना निर्वाचन व्यय लेखा/अभ्यावेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत नहीं किया गया. आयोग द्वारा विचारोपरांत दिनांक 25 फरवरी, 2012 को अभ्यर्थी को निर्वाचन व्यय लेखों से संबंधित समस्त दस्तावेज लेकर माननीय राज्य निर्वाचन आयुक्त के समक्ष में दिनांक 14 मार्च 2012 को उपस्थित होने हेतु पत्र लिखा गया, किन्तु अभ्यर्थी उपस्थित नहीं हुए.

उपरोक्त विवेचना से स्पष्ट है कि अभ्यर्थी द्वारा नियत समयावधि में निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं किया गया एवं पक्ष समर्थन में कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए हैं. अतः आयोग का यह समाधान हो गया है कि उनके पास निर्वाचन व्यय लेखा निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत करने में असफल रहने का कोई पर्याप्त एवं न्यायोचित कारण नहीं है.

अतः, मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ग के उपबन्धों के अन्तर्गत **डॉ. सी.एल. कुशवाहा (दाऊ)** को इस प्रकार चुने जाने के लिये तथा **नगर पंचायत देवेन्द्रनगर, जिला पन्ना** का पार्षद या अध्यक्ष होने के लिये इस आदेश की तारीख से 05 वर्ष (पांच वर्ष) की कालावधि के लिये निरर्हित (अयोग्य) घोषित किया जाता है.

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयुक्त के आदेशानुसार,
हस्ता./-

(सुभाष जैन)
सचिव,
मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल.

आदेश

भोपाल, दिनांक 11 अप्रैल 2012

क्र. एफ. 67-263-10-तीन-586.—मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-क के अनुसार अध्यक्ष के निर्वाचन में भाग लेने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन संबंधी उस समस्त व्यय का, जो उसने स्वयं या उसके निर्वाचन अभिकर्ता ने, नामनिर्दिष्ट होने की तारीख से निर्वाचन के परिणाम की घोषणा की तारीख की अवधि के बीच उपगत किया हो या उपगत करने के लिये प्राधिकृत किया हो, पृथक् और सही लेखा रखेगा या अपने निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा रखवाएगा. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार अध्यक्ष का निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन की तारीख से 30 दिन के अन्दर अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचित अधिकारी के पास दाखिल करेगा.

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी ''निर्वाचन व्यय (लेखा संधारण और प्रस्तुति) आदेश, 1997'' ''मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण)'', दिनांक 6 जून 1997 में प्रकाशित हुआ है. उसमें यह निर्दिष्ट किया गया है कि निर्वाचन व्ययों का लेखा विहित अवधि में तथा विनिर्दिष्ट प्रोफार्मा में जिला निर्वाचन अधिकारी के पास दाखिल किया जाएगा.

माह दिसम्बर 2009 में सम्पन्न हुए **नगर पंचायत ब्यौहारी, जिला शहडोल** के आम निर्वाचन में **श्री राजेश सिंह बरगाही,** अध्यक्ष पद के अभ्यर्थी थे. **नगर पंचायत ब्यौहारी, जिला शहडोल** के निर्वाचन का परिणाम दिनांक 15 दिसम्बर 2009 को घोषित हुआ. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार निर्वाचन परिणाम की घोषणा की तारीख से 30 दिन के अन्दर अर्थात् दिनांक 14 जनवरी 2010 तक इन्हें अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा जिला निर्वाचन अधिकारी, **शहडोल** के पास दाखिल किया जाना था, किन्तु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, **शहडोल** के पत्र क्र. नपा. निर्वा.-2010-775, दिनांक 5 जून, 2010 एवं न.पा.निर्वा.-09-11-50, दिनांक 3 मार्च, 2011 के द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार **श्री राजेश सिंह बरगाही** द्वारा यद्यपि विहित समयावधि में किन्तु अपूर्ण लेखा (निर्वाचन व्यय लेखे की मूल प्रति जमा नहीं की गई) दाखिल किया गया.

जिले से प्राप्त परिशिष्ट छत्तीस में प्रतिवेदनानुसार अभ्यर्थी द्वारा ''निर्वाचन व्यय लेखे की मूल प्रति जमा नहीं की गई'' प्राप्त होने पर **श्री राजेश सिंह बरगाही** को उप जिला निर्वाचन अधिकारी, शहडोल ने दिनांक 29 जुलाई 2010 को सूचना-पत्र जारी कर सात दिवस में त्रुटि सुधार किये जाने हेतु सूचित किया. सूचना-पत्र की तामीली 10 अगस्त, 2010 को हुई. कलेक्टर शहडोल ने अपने पत्र दिनांक 13 सितम्बर, 2010 में लेख किया कि ''**श्री राजेश सिंह बरगाही** को आयोग द्वारा प्रदाय की गई व्यय लेखे की मूल रजिस्टर दी गई थी जिसमें निर्वाचन व्ययों का ब्यौरा अंकित कर प्रस्तुत किया जाना था. किन्तु उक्त अभ्यर्थियों द्वारा ओरिजनल व्यय लेखा रजिस्टर प्रस्तुत न करते हुये उसकी छाया प्रति प्रस्तुत की गई है जिसे स्वीकार योग्य नहीं माना गया तथा कार्यालयीन पत्र क्रमांक 854, दिनांक 29 जुलाई, 2010 द्वारा उक्त अभ्यर्थियों को ओरिजनल व्यय लेखा रजिस्टर प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये, जिसका पालन आज दिनांक तक नहीं किया गया.''

उक्त प्रतिवेदन प्राप्त होने पर आयोग द्वारा विचारोपरांत दिनांक 29 नवम्बर, 2011 को अभ्यर्थी **श्री राजेश सिंह बरगाही,** को निर्वाचन व्यय लेखों से संबंधित समस्त दस्तावेज लेकर माननीय राज्य निर्वाचन आयुक्त के समक्ष दिनांक 4 जनवरी 2012 को उपस्थित होने हेतु पत्र लिखा गया, किन्तु अभ्यर्थी उपस्थित नहीं हुए.

उपरोक्त विवेचना से स्पष्ट है कि अभ्यर्थी द्वारा नियत समयावधि में किन्तु अपूर्ण निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत किया गया एवं लेखे पूर्ण किये जाने हेतु पर्याप्त समय दिये जाने के उपरांत भी लेखे पूर्ण नहीं किये गये तथा अपने पक्ष समर्थन में कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए हैं. अतः आयोग का यह समाधान हो गया है कि उनके पास निर्वाचन व्यय लेखा विहित रीति में प्रस्तुत करने में असफल रहने का कोई पर्याप्त एवं न्यायोचित कारण नहीं है.

अतः, मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ग के उपबन्धों के अन्तर्गत **श्री राजेश सिंह बरगाही** को इस प्रकार चुने जाने के लिये तथा **नगर पंचायत ब्यौहारी, जिला शहडोल** का पार्षद या अध्यक्ष होने के लिये इस आदेश की तारीख से 05 वर्ष (पांच वर्ष) की कालावधि के लिये निरर्हित (अयोग्य) घोषित किया जाता है.

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयुक्त के आदेशानुसार,
हस्ता./-

(सुभाष जैन)
सचिव,
मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल.

आदेश

भोपाल, दिनांक 11 अप्रैल 2012

क्र. एफ. 67-263-10-तीन-587.—मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-क के अनुसार अध्यक्ष के निर्वाचन में भाग लेने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन संबंधी उस समस्त व्यय का, जो उसने स्वयं या उसके निर्वाचन अभिकर्ता ने, नामनिर्दिष्ट होने की तारीख से निर्वाचन के

परिणाम की घोषणा की तारीख की अवधि के बीच उपगत किया हो या उपगत करने के लिये प्राधिकृत किया हो, पृथक् और सही लेखा रखेगा या अपने निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा रखवाएगा. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार अध्यक्ष का निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन की तारीख से 30 दिन के अन्दर अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचित अधिकारी के पास दाखिल करेगा.

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी ''निर्वाचन व्यय (लेखा संधारण और प्रस्तुति) आदेश, 1997'' ''मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण)'', दिनांक 6 जून 1997 में प्रकाशित हुआ है. उसमें यह निर्दिष्ट किया गया है कि निर्वाचन व्ययों का लेखा विहित अवधि में तथा विनिर्दिष्ट प्रोफार्मा में जिला निर्वाचन अधिकारी के पास दाखिल किया जाएगा.

माह दिसम्बर 2009 में सम्पन्न हुए **नगर पंचायत ब्यौहारी, जिला शहडोल** के आम निर्वाचन में **श्री रामखेलावन सोनी,** अध्यक्ष पद के अभ्यर्थी थे. **नगर पंचायत ब्यौहारी, जिला शहडोल** के निर्वाचन का परिणाम दिनांक 15 दिसम्बर 2009 को घोषित हुआ. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार निर्वाचन परिणाम की घोषणा की तारीख से 30 दिन के अन्दर अर्थात् दिनांक 14 जनवरी 2010 तक इन्हें अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा जिला निर्वाचन अधिकारी, **शहडोल** के पास दाखिल किया जाना था, किन्तु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, **शहडोल** के पत्र क्र. नपा. निर्वा.-2010-775, दिनांक 5 जून, 2010 एवं न.पा.निर्वा.-09-11-50, दिनांक 3 मार्च, 2011 के द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार **श्री रामखेलावन सोनी,** द्वारा यद्यपि विहित समयावधि में किन्तु अपूर्ण लेखा (निर्वाचन व्यय लेखे की मूल प्रति जमा नहीं की गई) दाखिल किया गया.

जिले से प्राप्त परिशिष्ट छत्तीस में प्रतिवेदनानुसार अभ्यर्थी द्वारा ''निर्वाचन व्यय लेखे की मूल प्रति जमा नहीं की गई'' प्राप्त होने पर **श्री रामखेलावन सोनी,** को उप जिला निर्वाचन अधिकारी, शहडोल ने दिनांक 29 जुलाई 2010 को सूचना-पत्र जारी कर सात दिवस में त्रुटि सुधार किये जाने हेतु सूचित किया. सूचना-पत्र की तामीली 10 अगस्त, 2010 को हुई. कलेक्टर, **शहडोल** ने अपने पत्र दिनांक 13 सितम्बर, 2010 में लेख किया कि ''**श्री रामखेलावन सोनी** को आयोग द्वारा प्रदाय की गई व्यय लेखे की मूल रजिस्टर दी गई थी जिसमें निर्वाचन व्ययों का ब्यौरा अंकित कर प्रस्तुत किया जाना था. किन्तु उक्त अभ्यर्थियों द्वारा ओरिजनल व्यय लेखा रजिस्टर प्रस्तुत न करते हुये उसकी छाया प्रति प्रस्तुत की गई है जिसे स्वीकार योग्य नहीं माना गया तथा कार्यालयीन पत्र क्रमांक 854, दिनांक 29 जुलाई, 2010 द्वारा उक्त अभ्यर्थियों को ओरिजनल व्यय लेखा रजिस्टर प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये, जिसका पालन आज दिनांक तक नहीं किया गया.''

उक्त प्रतिवेदन प्राप्त होने पर आयोग द्वारा विचारोपरांत दिनांक 29 नवम्बर, 2011 को अभ्यर्थी **श्री रामखेलावन सोनी,** को निर्वाचन व्यय लेखों से संबंधित समस्त दस्तावेज लेकर माननीय राज्य निर्वाचन आयुक्त के समक्ष दिनांक 4 जनवरी 2012 को उपस्थित होने हेतु पत्र लिखा गया. अभ्यर्थी को व्यक्तिगत सुनवाई की सूचना विहित समयावधि में प्राप्त हो गई थी. किन्तु अभ्यर्थी उपस्थित नहीं हुए.

उपरोक्त विवेचना से स्पष्ट है कि अभ्यर्थी द्वारा नियत समयावधि में किन्तु अपूर्ण निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत किया गया एवं लेखे पूर्ण किये जाने हेतु पर्याप्त समय दिये जाने के उपरांत भी लेखे पूर्ण नहीं किये गये तथा अपने पक्ष समर्थन में कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए हैं. अतः आयोग का यह समाधान हो गया है कि उनके पास निर्वाचन व्यय लेखा विहित रीति में प्रस्तुत करने में असफल रहने का कोई पर्याप्त एवं न्यायोचित कारण नहीं है.

अतः, मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ग के उपबन्धों के अन्तर्गत **श्री रामखेलावन सोनी,** को इस प्रकार चुने जाने के लिये तथा **नगर पंचायत ब्यौहारी, जिला शहडोल** का पार्षद या अध्यक्ष होने के लिये इस आदेश की तारीख से 05 वर्ष (पांच वर्ष) की कालावधि के लिये निरर्हित (अयोग्य) घोषित किया जाता है.

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयुक्त के आदेशानुसार,
हस्ता./-

(सुभाष जैन)
सचिव,
मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल.

आदेश

भोपाल, दिनांक 11 अप्रैल 2012

क्र. एफ. 67-193-10-तीन-589.—मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-क के अनुसार अध्यक्ष के निर्वाचन में भाग लेने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन संबंधी उस समस्त व्यय का, जो उसने स्वयं या उसके निर्वाचन अभिकर्ता ने, नामनिर्दिष्ट होने की तारीख से निर्वाचन के परिणाम की घोषणा की तारीख की अवधि के बीच उपगत किया हो या उपगत करने के लिये प्राधिकृत किया हो, पृथक् और सही लेखा रखेगा या अपने निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा रखवाएगा. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार अध्यक्ष का निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन की तारीख से 30 दिन के अन्दर अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचित अधिकारी के पास दाखिल करेगा.

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी ''निर्वाचन व्यय (लेखा संधारण और प्रस्तुति) आदेश, 1997'' ''मध्यप्रदेश राजपत्र

(असाधारण)'', दिनांक 6 जून 1997 में प्रकाशित हुआ है. उसमें यह निर्दिष्ट किया गया है कि निर्वाचन व्ययों का लेखा विहित अवधि में तथा विनिर्दिष्ट प्रोफार्मा में जिला निर्वाचन अधिकारी के पास दाखिल किया जाएगा.

माह दिसम्बर 2009 में सम्पन्न हुए **नगर पंचायत ककरहटी, जिला पन्ना** के आम निर्वाचन में **श्रीमती कमला चमार,** अध्यक्ष पद के अभ्यर्थी थीं. **नगर पंचायत ककरहटी, जिला पन्ना** के निर्वाचन का परिणाम दिनांक 17 दिसम्बर 2009 को घोषित हुआ. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार निर्वाचन परिणाम की घोषणा की तारीख से 30 दिन के अन्दर अर्थात् दिनांक 16 जनवरी 2010 तक, किन्तु 16 जनवरी, 2010 एवं 17 जनवरी, 2010 का सार्वजनिक अवकाश होने के कारण 18 जनवरी, 2010 तक इन्हें अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा जिला निर्वाचन अधिकारी, पन्ना के पास दाखिल किया जाना था, किन्तु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, पन्ना के पत्र क्र. 701-स्था.निर्वा.-10, दिनांक 21 अप्रैल 2010 के द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार **श्रीमती कमला चमार** द्वारा विहित समय में निर्वाचन व्ययों का लेखा दाखिल नहीं किया गया.

विहित समयावधि में निर्वाचन व्यय का लेखा प्रस्तुत न करने का प्रतिवेदन प्राप्त होने पर **श्रीमती कमला चमार** को कारण बताओ सूचना-पत्र दिनांक 12 मई 2010 को जारी कर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, पन्ना के माध्यम से दिनांक 7 जून, 2010 को तामील कराया गया. कारण बताओ नोटिस में अभ्यर्थी से जवाब (लिखित अभ्यावेदन) इस कारण बताओ सूचना के प्राप्त होने के 15 दिन के अन्दर चाहा गया था. नोटिस में सभी वैधानिक स्थिति बताते हुए यह भी अंकित किया गया था कि 15 दिन के अन्दर उत्तर प्राप्त न होने की स्थिति में यह माना जाकर कि उन्हें इस संबंध में कुछ नहीं कहना है, उनके विरुद्ध एकपक्षीय आदेश पारित कर दिया जायेगा.

श्रीमती कमला चमार को नोटिस दिनांक 7 जून, 2010 को तामील कराया गया. अतः उनको दिनांक 22 जून, 2010 तक अभ्यावेदन प्रस्तुत करना था, किन्तु अभ्यर्थी ने अभ्यावेदन प्रस्तुत नहीं किया. तामीली पश्चात् की जानकारी चाहे जाने पर कलेक्टर, पन्ना ने अपने पत्र दिनांक 15 नवम्बर 2011 में लेख किया कि अभ्यर्थी को जारी कारण बताओ नोटिस की तामीली के पश्चात् **श्रीमती कमला** द्वारा लेखे/अभ्यावेदन प्रस्तुत नहीं किये गये हैं.

उपरोक्त विवेचना से स्पष्ट है कि अभ्यर्थी द्वारा नियत समयावधि में निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं किया गया एवं पक्ष समर्थन में कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए हैं. अतः आयोग का यह समाधान हो गया है कि उनके पास निर्वाचन व्यय लेखा निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत करने में असफल रहने का कोई पर्याप्त एवं न्यायोचित कारण नहीं है.

अतः, मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ग के उपबन्धों के अन्तर्गत **श्रीमती कमला चमार** को इस प्रकार चुने जाने के लिये तथा **नगर पंचायत ककरहटी, जिला पन्ना** का पार्षद या अध्यक्ष होने के लिये इस आदेश की तारीख से 05 वर्ष (पांच वर्ष) की कालावधि के लिये निरर्हित (अयोग्य) घोषित किया जाता है.

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयुक्त के आदेशानुसार,
हस्ता./-

(सुभाष जैन)
सचिव,
मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल.

आदेश

भोपाल, दिनांक 11 अप्रैल 2012

क्र. एफ. 67-193-10-तीन-590.—मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-क के अनुसार अध्यक्ष के निर्वाचन में भाग लेने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन संबंधी उस समस्त व्यय का, जो उसने स्वयं या उसके निर्वाचन अभिकर्ता ने, नामनिर्दिष्ट होने की तारीख से निर्वाचन के परिणाम की घोषणा की तारीख की अवधि के बीच उपगत किया हो या उपगत करने के लिये प्राधिकृत किया हो, पृथक् और सही लेखा रखेगा या अपने निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा रखवाएगा. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार अध्यक्ष का निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन की तारीख से 30 दिन के अन्दर अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचित अधिकारी के पास दाखिल करेगा.

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी ''निर्वाचन व्यय (लेखा संधारण और प्रस्तुति) आदेश, 1997'' ''मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण)'', दिनांक 6 जून 1997 में प्रकाशित हुआ है. उसमें यह निर्दिष्ट किया गया है कि निर्वाचन व्ययों का लेखा विहित अवधि में तथा विनिर्दिष्ट प्रोफार्मा में जिला निर्वाचन अधिकारी के पास दाखिल किया जाएगा.

माह दिसम्बर 2009 में सम्पन्न हुए **नगर पंचायत ककरहटी, जिला पन्ना** के आम निर्वाचन में **सुश्री नोनी बाई चमार,** अध्यक्ष पद की अभ्यर्थी थीं. **नगर पंचायत ककरहटी, जिला पन्ना** के निर्वाचन का परिणाम दिनांक 17 दिसम्बर 2009 को घोषित हुआ. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार निर्वाचन परिणाम की घोषणा की तारीख से 30 दिन के अन्दर अर्थात् दिनांक 16 जनवरी 2010 तक, किन्तु 16 जनवरी, 2010 एवं 17 जनवरी, 2010 का सार्वजनिक अवकाश होने के कारण 18 जनवरी, 2010 तक इन्हें अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा जिला निर्वाचन अधिकारी, पन्ना के पास दाखिल किया जाना था,

किन्तु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, पन्ना के पत्र क्र. 701-स्था.निर्वा.-10, दिनांक 21 अप्रैल 2010 के द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार **सुश्री नोनी बाई चमार,** द्वारा विहित समय में निर्वाचन व्ययों का लेखा दाखिल नहीं किया गया.

विहित समयावधि में निर्वाचन व्यय का लेखा प्रस्तुत न करने का प्रतिवेदन प्राप्त होने पर **सुश्री नोनी बाई चमार,** को कारण बताओ सूचना-पत्र दिनांक 12 मई 2010 को जारी कर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, पन्ना के माध्यम से दिनांक 7 जून, 2010 को तामील कराया गया. कारण बताओ नोटिस में अभ्यर्थी से जवाब (लिखित अभ्यावेदन) इस कारण बताओ सूचना के प्राप्त होने के 15 दिन के अन्दर चाहा गया था. नोटिस में सभी वैधानिक स्थिति बताते हुए यह भी अंकित किया गया था कि 15 दिन के अन्दर उत्तर प्राप्त न होने की स्थिति में यह माना जाकर कि उन्हें इस संबंध में कुछ नहीं कहना है, उनके विरुद्ध एकपक्षीय आदेश पारित कर दिया जायेगा.

सुश्री नोनी बाई चमार को नोटिस दिनांक 7 जून, 2010 को तामील कराया गया. अतः उनको दिनांक 22 जून, 2010 तक अभ्यावेदन प्रस्तुत करना था, किन्तु अभ्यर्थी ने अभ्यावेदन प्रस्तुत नहीं किया. तामीली पश्चात् की जानकारी चाहे जाने पर कलेक्टर, पन्ना ने अपने पत्र दिनांक 15 नवम्बर 2011 में लेख किया कि अभ्यर्थी को जारी कारण बताओ नोटिस की तामीली के पश्चात् **सुश्री नोनी बाई चमार,** द्वारा लेखे/अभ्यावेदन प्रस्तुत नहीं किये गये हैं.

आयोग द्वारा विचारोपरांत दिनांक 19 दिसम्बर, 2011 को अभ्यर्थी को निर्वाचन व्यय लेखों से संबंधित समस्त दस्तावेज लेकर माननीय राज्य निर्वाचन आयुक्त के समक्ष में दिनांक 06 फरवरी 2012 को उपस्थित होने हेतु पत्र लिखा गया, किन्तु अभ्यर्थी उपस्थित नहीं हुईं.

उपरोक्त विवेचना से स्पष्ट है कि अभ्यर्थी द्वारा नियत समयावधि में निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं किया गया एवं पक्ष समर्थन में कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए हैं. अतः आयोग का यह समाधान हो गया है कि उनके पास निर्वाचन व्यय लेखा निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत करने में असफल रहने का कोई पर्याप्त एवं न्यायोचित कारण नहीं है.

अतः, मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ग के उपबन्धों के अन्तर्गत **सुश्री नोनी बाई चमार,** को इस प्रकार चुने जाने के लिये तथा **नगर पंचायत ककरहटी, जिला पन्ना** का पार्षद या अध्यक्ष होने के लिये इस आदेश की तारीख से 05 वर्ष (पांच वर्ष) की कालावधि के लिये निरर्हित (अयोग्य) घोषित किया जाता है.

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयुक्त के आदेशानुसार,
हस्ता./-

(सुभाष जैन)
सचिव,
मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल.

आदेश

भोपाल, दिनांक 11 अप्रैल 2012

क्र. एफ. 67-193-10-तीन-591.—मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-क के अनुसार अध्यक्ष के निर्वाचन में भाग लेने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन संबंधी उस समस्त व्यय का, जो उसने स्वयं या उसके निर्वाचन अभिकर्ता ने, नामनिर्दिष्ट होने की तारीख से निर्वाचन के परिणाम की घोषणा की तारीख की अवधि के बीच उपगत किया हो या उपगत करने के लिये प्राधिकृत किया हो, पृथक् और सही लेखा रखेगा या अपने निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा रखवाएगा. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार अध्यक्ष का निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन की तारीख से 30 दिन के अन्दर अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचित अधिकारी के पास दाखिल करेगा.

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी "निर्वाचन व्यय (लेखा संधारण और प्रस्तुति) आदेश, 1997" "मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण)", दिनांक 6 जून 1997 में प्रकाशित हुआ है. उसमें यह निर्दिष्ट किया गया है कि निर्वाचन व्ययों का लेखा विहित अवधि में तथा विनिर्दिष्ट प्रोफार्मा में जिला निर्वाचन अधिकारी के पास दाखिल किया जाएगा.

माह दिसम्बर 2009 में सम्पन्न हुए **नगर पंचायत ककरहटी, जिला पन्ना** के आम निर्वाचन में **सुश्री रतन बाई खटीक,** अध्यक्ष पद की अभ्यर्थी थीं. **नगर पंचायत ककरहटी, जिला पन्ना** के निर्वाचन का परिणाम दिनांक 17 दिसम्बर 2009 को घोषित हुआ. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार निर्वाचन परिणाम की घोषणा की तारीख से 30 दिन के अन्दर अर्थात् दिनांक 16 जनवरी 2010 तक, किन्तु 16 जनवरी, 2010 एवं 17 जनवरी, 2010 का सार्वजनिक अवकाश होने के कारण 18 जनवरी, 2010 तक इन्हें अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा जिला निर्वाचन अधिकारी, पन्ना के पास दाखिल किया जाना था, किन्तु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, पन्ना के पत्र क्र. 701-स्था.निर्वा.-10, दिनांक 21 अप्रैल 2010 के द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार **सुश्री रतन बाई खटीक,** द्वारा विहित समय में निर्वाचन व्ययों का लेखा दाखिल नहीं किया गया.

विहित समयावधि में निर्वाचन व्यय का लेखा प्रस्तुत न करने का प्रतिवेदन प्राप्त होने पर **सुश्री रतन बाई खटीक** को कारण बताओ सूचना-पत्र दिनांक 12 मई 2010 को जारी कर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, पन्ना के माध्यम से दिनांक 7 जून, 2010 को तामील कराया गया. कारण बताओ नोटिस में अभ्यर्थी से जवाब (लिखित अभ्यावेदन) इस कारण बताओ सूचना के प्राप्त होने के 15 दिन के अन्दर चाहा गया था. नोटिस में सभी वैधानिक स्थिति बताते हुए यह भी अंकित किया गया था कि 15 दिन के अन्दर उत्तर

प्राप्त न होने की स्थिति में यह माना जाकर कि उन्हें इस संबंध में कुछ नहीं कहना है, उनके विरुद्ध एकपक्षीय आदेश पारित कर दिया जायेगा.

सुश्री रतन बाई खटीक, को नोटिस दिनांक 7 जून, 2010 को तामील कराया गया. अत: उनको दिनांक 22 जून, 2010 तक अभ्यावेदन प्रस्तुत करना था, किन्तु अभ्यर्थी ने अभ्यावेदन प्रस्तुत नहीं किया. तामीली पश्चात् की जानकारी चाहे जाने पर कलेक्टर पन्ना ने अपने पत्र दिनांक 15 नवम्बर 2011 में लेख किया कि अभ्यर्थी को जारी कारण बताओ नोटिस की तामीली के पश्चात् **सुश्री रतन बाई खटीक,** द्वारा लेखे/अभ्यावेदन प्रस्तुत नहीं किये गये हैं.

आयोग द्वारा विचारोपरांत दिनांक 19 दिसम्बर, 2011 को अभ्यर्थी को निर्वाचन व्यय लेखों से संबंधित समस्त दस्तावेज माननीय राज्य निर्वाचन आयुक्त के समक्ष में दिनांक 06 फरवरी 2012 को उपस्थित होने हेतु रजिस्टर्ड ए.डी. से पत्र लिखा गया. व्यक्तिगत सुनवाई हेतु जारी सूचना-पत्र की पावती विहित समयावधि में अभ्यर्थी को प्राप्त हो गई थी, किन्तु अभ्यर्थी उपस्थित नहीं हुईं.

उपरोक्त विवेचना से स्पष्ट है कि अभ्यर्थी द्वारा नियत समयावधि में निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं किया गया एवं पक्ष समर्थन में कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए हैं. अत: आयोग का यह समाधान हो गया है कि उनके पास निर्वाचन व्यय लेखा निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत करने में असफल रहने का कोई पर्याप्त एवं न्यायोचित कारण नहीं है.

अत:, मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ग के उपबन्धों के अन्तर्गत **सुश्री रतन बाई खटीक,** को इस प्रकार चुने जाने के लिये तथा **नगर पंचायत ककरहटी, जिला पन्ना** का पार्षद या अध्यक्ष होने के लिये इस आदेश की तारीख से 05 वर्ष (पांच वर्ष) की कालावधि के लिये निरर्हित (अयोग्य) घोषित किया जाता है.

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयुक्त के आदेशानुसार,
हस्ता./-

(सुभाष जैन)
सचिव,
मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल.

आदेश

भोपाल, दिनांक 11 अप्रैल 2012

क्र. एफ. 67-193-10-तीन-592.—मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-क के अनुसार अध्यक्ष के निर्वाचन में भाग लेने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन संबंधी उस समस्त व्यय का, जो उसने स्वयं या उसके निर्वाचन अभिकर्ता ने, नामनिर्दिष्ट होने की तारीख से निर्वाचन के परिणाम की घोषणा की तारीख की अवधि के बीच उपगत किया हो या उपगत करने के लिये प्राधिकृत किया हो, पृथक् और सही लेखा रखेगा या अपने निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा रखवाएगा. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार अध्यक्ष का निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन की तारीख से 30 दिन के अन्दर अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचित अधिकारी के पास दाखिल करेगा.

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी "निर्वाचन व्यय (लेखा संधारण और प्रस्तुति) आदेश, 1997" "मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण)", दिनांक 6 जून 1997 में प्रकाशित हुआ है. उसमें यह निर्दिष्ट किया गया है कि निर्वाचन व्ययों का लेखा विहित अवधि में तथा विनिर्दिष्ट प्रोफार्मा में जिला निर्वाचन अधिकारी के पास दाखिल किया जाएगा.

माह दिसम्बर 2009 में सम्पन्न हुए **नगर पंचायत ककरहटी, जिला पन्ना** के आम निर्वाचन में **श्रीमती प्रेम बाई,** अध्यक्ष पद की अभ्यर्थी थीं. **नगर पंचायत ककरहटी, जिला पन्ना** के निर्वाचन का परिणाम दिनांक 17 दिसम्बर 2009 को घोषित हुआ. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार निर्वाचन परिणाम की घोषणा की तारीख से 30 दिन के अन्दर अर्थात् दिनांक 16 जनवरी 2010 तक, किन्तु 16 जनवरी, 2010 एवं 17 जनवरी, 2010 का सार्वजनिक अवकाश होने के कारण 18 जनवरी, 2010 तक इन्हें अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा जिला निर्वाचन अधिकारी, पन्ना के पास दाखिल किया जाना था, किन्तु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, पन्ना के पत्र क्र. 701-स्था.निर्वा.-10, दिनांक 21 अप्रैल 2010 के द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार **श्रीमती प्रेम बाई,** द्वारा विहित समय में निर्वाचन व्ययों का लेखा दाखिल नहीं किया गया.

विहित समयावधि में निर्वाचन व्यय का लेखा प्रस्तुत न करने का प्रतिवेदन प्राप्त होने पर **श्रीमती प्रेम बाई,** को कारण बताओ सूचना-पत्र दिनांक 12 मई 2010 को जारी कर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, पन्ना के माध्यम से दिनांक 7 जून, 2010 को तामील कराया गया. कारण बताओ नोटिस में अभ्यर्थी से जवाब (लिखित अभ्यावेदन) इस कारण बताओ सूचना के प्राप्त होने के 15 दिन के अन्दर चाहा गया था. नोटिस में सभी वैधानिक स्थिति बताते हुए यह भी अंकित किया गया था कि 15 दिन के अन्दर उत्तर प्राप्त न होने की स्थिति में यह माना जाकर कि उन्हें इस संबंध में कुछ नहीं कहना है, उनके विरुद्ध एकपक्षीय आदेश पारित कर दिया जायेगा.

श्रीमती प्रेम बाई, को नोटिस दिनांक 7 जून, 2010 को तामील कराया गया. अत: उनको दिनांक 22 जून, 2010 तक अभ्यावेदन प्रस्तुत करना था, किन्तु अभ्यर्थी ने अभ्यावेदन प्रस्तुत नहीं किया. तामीली पश्चात् की जानकारी चाहे जाने पर कलेक्टर पन्ना ने अपने

पत्र दिनांक 15 नवम्बर 2011 में लेख किया कि अभ्यर्थी को जारी कारण बताओ नोटिस की तामीली के पश्चात् **श्रीमती प्रेम बाई,** द्वारा लेखे/अभ्यावेदन प्रस्तुत नहीं किये गये हैं.

उपरोक्त विवेचना से स्पष्ट है कि अभ्यर्थी द्वारा नियत समयावधि में निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं किया गया एवं पक्ष समर्थन में कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए हैं. अतः आयोग का यह समाधान हो गया है कि उनके पास निर्वाचन व्यय लेखा निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत करने में असफल रहने का कोई पर्याप्त एवं न्यायोचित कारण नहीं है.

अतः, मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ग के उपबन्धों के अन्तर्गत **श्रीमती प्रेम बाई,** को इस प्रकार चुने जाने के लिये तथा **नगर पंचायत ककरहटी, जिला पन्ना** का पार्षद या अध्यक्ष होने के लिये इस आदेश की तारीख से 05 वर्ष (पांच वर्ष) की कालावधि के लिये निरर्हित (अयोग्य) घोषित किया जाता है.

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयुक्त के आदेशानुसार,
हस्ता./-

(सुभाष जैन)
सचिव,
मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल.

आदेश

भोपाल, दिनांक 11 अप्रैल 2012

क्र. एफ. 67-205-10-तीन-594.—मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-क के अनुसार अध्यक्ष के निर्वाचन में भाग लेने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन संबंधी उस समस्त व्यय का, जो उसने स्वयं या उसके निर्वाचन अभिकर्ता ने, नामनिर्दिष्ट होने की तारीख से निर्वाचन के परिणाम की घोषणा की तारीख की अवधि के बीच उपगत किया हो या उपगत करने के लिये प्राधिकृत किया हो, पृथक् और सही लेखा रखेगा या अपने निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा रखवाएगा. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार अध्यक्ष का निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन की तारीख से 30 दिन के अन्दर अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचित अधिकारी के पास दाखिल करेगा.

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी "निर्वाचन व्यय (लेखा संधारण और प्रस्तुति) आदेश, 1997" "मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण)", दिनांक 6 जून 1997 में प्रकाशित हुआ है. उसमें यह निर्दिष्ट किया गया है कि निर्वाचन व्ययों का लेखा विहित अवधि में तथा विनिर्दिष्ट प्रोफार्मा में जिला निर्वाचन अधिकारी के पास दाखिल किया जाएगा.

माह दिसम्बर 2009 में सम्पन्न हुए **नगर पंचायत शाहपुर, जिला सागर** के आम निर्वाचन में **श्री राजकुमार भाई साहब,** अध्यक्ष पद के अभ्यर्थी थे. **नगर पंचायत शाहपुर, जिला सागर** के निर्वाचन का परिणाम दिनांक 17 दिसम्बर 2009 को घोषित हुआ. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार निर्वाचन परिणाम की घोषणा की तारीख से 30 दिन के अन्दर अर्थात् दिनांक 16 जनवरी 2010 तक, किन्तु 16 जनवरी, 2010 एवं 17 जनवरी, 2010 का सार्वजनिक अवकाश होने के कारण 18 जनवरी, 2010 तक इन्हें अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा जिला निर्वाचन अधिकारी, सागर के पास दाखिल किया जाना था, किन्तु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, सागर के पत्र क्र. क-754-स्था.निर्वा.-10, दिनांक 12 अप्रैल 2010 के द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार **श्री राजकुमार भाई साहब,** द्वारा विहित समय में निर्वाचन व्ययों का लेखा दाखिल नहीं किया गया.

विहित समयावधि में निर्वाचन व्यय का लेखा प्रस्तुत न करने का प्रतिवेदन प्राप्त होने पर **श्री राजकुमार भाई साहब,** को कारण बताओ नोटिस दिनांक 31 मई 2010 को जारी कर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, सागर के माध्यम से दिनांक 26 जून, 2010 को तामील कराया गया. कारण बताओ नोटिस में अभ्यर्थी से जवाब (लिखित अभ्यावेदन) इस कारण बताओ सूचना के प्राप्त होने के 15 दिन के अन्दर चाहा गया था. नोटिस में सभी वैधानिक स्थिति बताते हुए यह भी अंकित किया गया था कि 15 दिन के अन्दर उत्तर प्राप्त न होने की स्थिति में यह माना जाकर कि उन्हें इस संबंध में कुछ नहीं कहना है, उनके विरुद्ध एकपक्षीय आदेश पारित कर दिया जायेगा.

श्री राजकुमार भाई साहब, को नोटिस दिनांक 26 जून, 2010 को तामील कराया गया. अतः उनको दिनांक 11 जुलाई, 2010 तक अभ्यावेदन प्रस्तुत करना था, कलेक्टर सागर ने अपने पत्र दिनांक 14 जुलाई, 2010 में लेख किया कि "**श्री राजकुमार श्रीवास्तव** को जारी कारण बताओ नोटिस के जवाब में **श्री श्रीवास्तव** द्वारा लेख किया गया है कि मुझे निर्वाचन परिणाम में मेरी अप्रत्याशित हार होने के कारण मुझे कठोर कष्ट देने वाला मानसिक आघात पहुंचा इस कारण मैं अपना चुनाव व्ययों का लेखा निर्धारित समयावधि में दाखिल नहीं कर पाया. . . . ." कलेक्टर सागर ने यह भी लेख किया कि अभ्यर्थी द्वारा दिनांक 09 जुलाई, 2010 को लेखा प्रस्तुत कर दिया है. श्री श्रीवास्तव द्वारा प्रस्तुत तथ्य निर्वाचन नियमों के विपरीत है तथा औचित्यहीन होने के साथ-साथ नियमों के विरुद्ध है. अतः उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाना उचित होगा. उक्त अभिमत प्राप्त होने पर विचारोपरांत आयोग द्वारा दिनांक 12 अक्टूबर, 2011 को अभ्यर्थी को निर्वाचन व्यय लेखों से संबंधित समस्त दस्तावेज लेकर माननीय राज्य निर्वाचन आयुक्त के समक्ष में दिनांक 02 दिसम्बर, 2011 को उपस्थित होने हेतु सूचना-पत्र लिखा गया. व्यक्तिगत सुनवाई हेतु जारी सूचना-पत्र की तामीली 13 नवम्बर, 2011 को हो गई थी. अभ्यर्थी व्यक्तिगत सुनवाई में

उपस्थित हुए. **श्री राजकुमार भाई साहब,** ने सुनवाई में नवीन तिथि चाही. अत: आपको नवीन तिथि दी गई. अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत अभ्यावेदन में विलंब से लेखे दाखिल करने का कोई ठोस कारण नहीं पाया गया.

उपरोक्त विवेचना से स्पष्ट है कि अभ्यर्थी द्वारा नियत समयावधि में निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं किया गया एवं पक्ष समर्थन में कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए हैं. अत: आयोग का यह समाधान हो गया है कि उनके पास निर्वाचन व्यय लेखा निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत करने में असफल रहने का कोई पर्याप्त एवं न्यायोचित कारण नहीं है.

अत:, मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ग के उपबन्धों के अन्तर्गत **श्री राजकुमार भाई साहब,**को इस प्रकार चुने जाने के लिये तथा **नगर पंचायत शाहपुर, जिला सागर** का पार्षद या अध्यक्ष होने के लिये इस आदेश की तारीख से 02 वर्ष (दो वर्ष) की कालावधि के लिये निरर्हित (अयोग्य) घोषित किया जाता है.

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयुक्त के आदेशानुसार,
हस्ता./-

(सुभाष जैन)
सचिव,
मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल.

आदेश

भोपाल, दिनांक 11 अप्रैल 2012

क्र. एफ. 67-199-10-तीन-596.—मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-क के अनुसार अध्यक्ष के निर्वाचन में भाग लेने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन संबंधी उस समस्त व्यय का, जो उसने स्वयं या उसके निर्वाचन अभिकर्ता ने, नामनिर्दिष्ट होने की तारीख से निर्वाचन के परिणाम की घोषणा की तारीख की अवधि के बीच उपगत किया हो या उपगत करने के लिये प्राधिकृत किया हो, पृथक् और सही लेखा रखेगा या अपने निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा रखवाएगा. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार अध्यक्ष का निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन की तारीख से 30 दिन के अन्दर अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचित अधिकारी के पास दाखिल करेगा.

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी ''निर्वाचन व्यय (लेखा संधारण और प्रस्तुति) आदेश, 1997'' ''मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण)'', दिनांक 6 जून 1997 में प्रकाशित हुआ है. उसमें यह निर्दिष्ट किया गया है कि निर्वाचन व्ययों का लेखा विहित अवधि में तथा विनिर्दिष्ट प्रोफार्मा में जिला निर्वाचन अधिकारी के पास दाखिल किया जाएगा.

माह दिसम्बर 2009 में सम्पन्न हुए **नगर पंचायत बंडा, जिला सागर** के आम निर्वाचन में **श्री किशोरी लाल खटीक,** अध्यक्ष पद के अभ्यर्थी थे. **नगर पंचायत बंडा, जिला सागर** के निर्वाचन का परिणाम दिनांक 15 दिसम्बर 2009 को घोषित हुआ. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार निर्वाचन परिणाम की घोषणा की तारीख से 30 दिन के अन्दर अर्थात् दिनांक 14 जनवरी 2010 तक इन्हें अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा जिला निर्वाचन अधिकारी, **सागर** के पास दाखिल किया जाना था, किन्तु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, **सागर** के पत्र क्र. क-754-स्था.निर्वा.-10, दिनांक 12 अप्रैल, 2010 के द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार **श्री किशोरी लाल खटीक,** द्वारा विहित समय में निर्वाचन व्ययों का लेखा दाखिल नहीं किया गया.

विहित समयावधि में निर्वाचन व्यय का लेखा प्रस्तुत न करने का प्रतिवेदन प्राप्त होने पर **श्री किशोरी लाल खटीक,** को कारण बताओ सूचना-पत्र दिनांक 18 अगस्त, 2010 को जारी किया गया. कलेक्टर सागर ने पत्र क्रमांक क-260-स्था.निर्वा.-11, दिनांक 7 सितम्बर, 2011 में लेख किया कि अभ्यर्थी ''**श्री किशोरील लाल खटीक** को जारी कारण बताओ नोटिस की प्रतियां इस कार्यालय को अप्राप्त हैं.'' अत: अभ्यर्थी को दिनांक 23 सितम्बर 2011 को पुन: कारण बताओ नोटिस जारी कर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, सागर के माध्यम से दिनांक 16 अक्टूबर, 2011 को तामील कराया गया. कारण बताओ नोटिस में अभ्यर्थी से जवाब (लिखित अभ्यावेदन) इस कारण बताओ सूचना के प्राप्त होने के 15 दिन के अन्दर चाहा गया था. नोटिस में सभी वैधानिक स्थिति बताते हुए यह भी अंकित किया गया था कि 15 दिन के अन्दर उत्तर प्राप्त न होने की स्थिति में यह माना जाकर कि उन्हें इस संबंध में कुछ नहीं कहना है, उनके विरुद्ध एकपक्षीय आदेश पारित कर दिया जायेगा.

श्री किशोरी लाल खटीक, को नोटिस दिनांक 16 अक्टूबर, 2011 को तामील कराया गया. अत: उनको दिनांक 31 अक्टूबर, 2011 तक अभ्यावेदन प्रस्तुत करना था, किन्तु अभ्यर्थी द्वारा अभ्यावेदन प्रस्तुत नहीं किया गया. कलेक्टर सागर से तामीली पश्चात् की जानकारी चाहे जाने पर उन्होंने पत्र दिनांक 08 दिसम्बर, 2011 में लेख किया कि ''**श्री किशोरी लाल खटीक,** को नोटिस की तामीली के पश्चात् उनके द्वारा निर्वाचन व्यय लेखे/अभ्यावेदन प्रस्तुत नहीं किये गये. कलेक्टर सागर से उक्त अभिमत प्राप्त होने पर विचारोपरांत आयोग द्वारा दिनांक 20 दिसम्बर, 2011 को अभ्यर्थी को निर्वाचन व्यय लेखों से संबंधित समस्त दस्तावेज लेकर माननीय राज्य निर्वाचन आयुक्त के समक्ष में दिनांक 02 फरवरी, 2012 को उपस्थित होने हेतु सूचना-पत्र लिखा गया. व्यक्तिगत सुनवाई हेतु जारी सूचना-पत्र अभ्यर्थी को विहित समयावधि में हो गई थी, किन्तु अभ्यर्थी उपस्थित नहीं हुए.

उपरोक्त विवेचना से स्पष्ट है कि अभ्यर्थी द्वारा नियत समयावधि में निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं किया गया एवं पक्ष समर्थन में कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए हैं. अतः आयोग का यह समाधान हो गया है कि उनके पास निर्वाचन व्यय लेखा निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत करने में असफल रहने का कोई पर्याप्त एवं न्यायोचित कारण नहीं है.

अतः, मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ग के उपबन्धों के अन्तर्गत **श्री किशोरी लाल खटीक,** को इस प्रकार चुने जाने के लिये तथा **नगर पंचायत बंडा, जिला सागर** का पार्षद या अध्यक्ष होने के लिये इस आदेश की तारीख से 05 वर्ष (पांच वर्ष) की कालावधि के लिये निरर्हित (अयोग्य) घोषित किया जाता है.

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयुक्त के आदेशानुसार,
हस्ता./-

(सुभाष जैन)
सचिव,
मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल.

कार्यालय, जिला दण्डाधिकारी, जिला झाबुआ मध्यप्रदेश एवं पदेन उपसचिव मध्यप्रदेश शासन गृह विभाग

झाबुआ, दिनांक 30 मार्च, 2012

क्र. 1728-जे.सी.-2012.—मध्यप्रदेश शासन, गृह विभाग के ज्ञाप क्रमांक एफ-2(क)-15-99-बी-3-दो के प्रकाश में दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973/1974 का स. 2 की धारा-2 के खण्ड-एस-द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए तथा नीचे दी गई सारणी में विर्निदिष्ट स्थानीय क्षेत्रों को प्रभावित करने वाली पूर्व की अधिसूचनाओं में उपान्तरण करते हुए नवगठित जिला अलीराजपुर की सीमाओं को देखते हुए जिला झाबुआ में उनकी सीमाओं को परिभाषित करने की अधिसूचना जारी करती हूं:—

(एक) नीचे दी गई सारणी के कॉलम नं. (2) में वर्णित ग्राम, कॉलम नं. (3) में उल्लेखित पुलिस थाने से अपवर्जित करती हूं और

(दो) कॉलम नं. (2) में वर्णित ग्राम, कॉलम नं. (4) में उल्लेखित पुलिस थाने में सम्मिलित करती हूं,

सारणी (एक)

अनु. क्र.		ग्रामों के नाम	पुलिस थाना तहसील एवं जिला से	पुलिस थाना तहसील एवं जिला में
(1)		(2)	(3)	(4)
1	1.	पारा	पुलिस चौकी पारा थाना बोरी	थाना कोतवाली झाबुआ तहसील
2	2.	रातीमाली	तहसील जोबट जिला अलीराजपुर	झाबुआ, जिला झाबुआ.
3	3.	कुबेरपुरा		
4	4.	लिमखोदरा		
5	5.	बलोला (बड़ी एवं छोटी)		
6	6.	लखपुरा		
7	7.	रेहन्दा		
8	8.	सीलखोदरी		
9	9.	नरवाली		
10	10.	श्यामपुरा		
11	11.	दौलतपुरा		
12	12.	बेहडवी		

(1)		(2)	(3)	(4)
13	13.	उकाला		
14	14.	नवापाड़ा		
15	15.	नरसिंहपुरा		
16	16.	घुंघरमाल		
17	17.	बांकी		
18	18.	झुमका (बड़ी एवं छोटी)		
19	19.	बावड़ी		
20	20.	घावलीया		
21	21.	धमोई		
22	22.	चुड़ेली		
23	23.	जशोदा खुनजी (बड़ी)		
24	24.	जशोदा हिरजी(छोटी)		
25	25.	कलमोड़ा		
